
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 11 • • अंक 136 • • अक्टुबर, 2016 • • मूल्य : 15/- •



# माली संस्थान द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियां










## हार्दिक बधाईयां



अजमेर के श्री धमेन्द्र टाक को राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं मंगलमयी शुभकामनाऐं।

एसपीजी में वरिष्ठ सुरक्षा सहायक श्री चंपालाल सांखला को उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से विशेष सेवा पदक से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।





जालोर के श्री सुंधा माता मंदिर ट्रस्ट के चतुर्थ आम चुनाव में श्री हुकमीचंद माली दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों ने श्री हुकमीचंद को हार्दिक बधाई प्रेषित की तथा नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया।



सुश्री सुमित्रा गहलोत ( जिला संयोजिका, कन्या क्रांति जोधपुर, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं ) को बाबा रामदेव समाजसेवा द्वारा महिला सशक्ति कराण के लिए युवा प्रोत्साहान पुरस्कार से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं।



**श्री** जिनके संग चलती, हृदय में करूणा का भान होता है
ऐसे मानवता के मसीहा से ही, मनुष्यता का सम्मान होता है

**भ** भरोसा बने दीन हीन के दिया सम्बल लाचार को।
कौन भुला सकता है, इस महात्मा के उपकार को ॥

**ग** गरीबों को सेवा हेतु नेत्र चिकित्सा शिविर लगवाएं।
जन–जन में किया शिक्षा का प्रचार ज्ञान के दीप जलाए ॥

**वा** वाटिका शिशुओं को खोलकर, अनूठा प्रयोग किया।
ममता विहिन बचपन को, आपार वात्सल्य दिया ॥

**न** नवजीवन संस्थान कहती आपकी कहानी है।
इस धरती पर देवतुल्य हुआ कोई प्राणी है ॥

**सिं** सिंह की भांति कर्म पथ पर बढ़ते गए।
मानव उपकार की मिसालें गढ़ते गए ॥

**ह** हर निःशक्त के लिए बने एक मजबूत सहारा।
वृद्धों हेतु बनाया, वरिष्ठ नागरिक सदन प्यारा ॥

**प** पर पीड़ा को ही जानी सदैव अपनी पीड़ा।
निर्बल को सम्बल देने का उठाया आपने बीड़ा ॥

**रि** रिक्त नहीं होने दिया मानवता को इस धरा से।
आप सच्चे लाल है इस पावन मरूधरा के ॥

**हा** हाथ में लिया जो काम, उसको पूरा कर दिखलाया।
नशा नाश का घर है, जन–जन को यह समझाया ॥

**र** रग–रग आपकी जैसे परमार्थ के गीत गाती है।
आप जैसे भूमिपूत्रों से ही गौरान्वित मरूधरा की थाती है ॥

## न हि मानुषात श्रेष्ठतम् किंचित।

(अर्थात मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहीं है)

ममता विहिन बचपन को, आपार वात्सल्य प्रदान करने एवं निर्बल को सम्बल देने ,पर पीड़ा को ही अपनी पीड़ा मानने वाले

मानवता के मसीहा मारवाड़ के समाज रत्न स्वर्गीय

# श्री भगवानसिंह परिहार

(जिनके सपनों में खिलता है बचपन)

# के 89वें अवतरण दिवस पर शतः शतः नमन



# टोंक में आयोजित महात्मा ज्योति बा फूले प्रतिमा अनावरण समारोह में उमड़ा समाज, जगह जगह हुआ जननायक श्री अशोक गहलोत का स्वागत











RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 136 ● 30 अक्टुबर 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति

## सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

### आवरण कथा



**महात्मा ज्योतिबा फुले ने जो शिक्षा का संदेश दिया उसका लोहा आज पूरा विश्व मानता है - श्री अशोक गहलोत**

सम्पादकीय
महात्मा ज्योतिबा फुले ने जो शिक्षा का संदेश दिया - श्री अशोक गहलोत
कर्मयोगी स्व. श्री भगवान सिंह परिहार निर्धनों के लिए कपड़ों की बगिया का शुभारंभ
नगर पालिका द्वारा निर्मित ज्योतिबा फुले पार्क का किया लोकार्पण
मंच टूटने से बाल बाल बचे श्री अशोक गहलोत
शिक्षा समाज के सर्वांगिण विकास के लिए अति आवश्यक - श्री अशोक गहलोत
अजमेर में भी जनता की दीवार से कपड़ों का नि:शुल्क वितरण
समाज की ननद-भाभी ने जीते पदक
माली सैनी सामुहिक विवाह सम्मेलन 28 फरवरी, 2016 को
संत श्री लिखमीदास जी विकास संस्थान में कृष्णकुमार माली बने ब्लॉक अध्यक्ष
3 प्रधानमंत्री की सुरक्षा घेरे का हिस्सा रहे श्री चंपालाल सांखला को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार, प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित
सैनी कर्मचारी संगठन द्वारा आयोजितकिया गया नि:शुल्क जांच शिविर
मुकेश सैनी सैनी राष्ट्रीय संस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोनित हुए
256 विद्यार्थी शामिल हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगी सम्मानित
सैनी धर्मशाला व छात्रावास के लिए घर-घर से करेंगे धन संग्रह
मां बेटों के शव मिलने के पुलिस कार्रवाई पर असंतोष, पीपाड़ बंद
वरिष्ठ समाजसेवी श्री ब्रह्मसिंह चौहान लगातार दूसरी बार भाजपा शहर जिला उपाध्यक्ष मनोनित
प्रतिभा खुद तय करती अपना रास्ता - श्री बनवारी लाल सैनी
जैतारण माली ( सैनी ) समाज विकास के पथ पर ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के लल्लू लाल
उपाध्यक्ष दीपक पचाला सचिव पद पर हुआ मनोनयन
श्री चंद्रप्रकाश गहलोत बीकानेर कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोनीत, समाज द्वारा किया गया सम्मानित
समाज समिति नोहर के अध्यक्ष बने हरदत्त सैनी
माली समाज की सामुहिक-अणबोली उद्यापन का सफलता पूर्वक समापन
राजकुमार सैनी के पिता बेचते है समोसा, बेटा खेलेगा राजस्थान टीम से
अजय सैनी ने स्थापित किया पत्रकारिता में नया कीर्तिमान
आस्ट्रेलिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती कु. प्रेरणा सैनी का सम्मान
सहज , हंसमुख तथा दक्षता से मालामाल समाज गौरव आर्थोपेडिक डॉ. दीपक सैनी
प्रथम वैदराज स्मृति स्केटिंग एवं तैराकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन
जयपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह
गरबा नृत्य में झुमें समाज के सभीवर्ग

# अतिथि सम्पादक की कलम से . . .



हमारे पर्व/उत्सव/त्यौहार हमारी संस्कृति के संवाहक है, संरक्षक है । इनके बिना हम समाधि संस्कृति के संरक्षण की कल्पना भी नहीं कर सकते । हिंदू धर्म के अनेक त्यौहार हैं । दीपावली उनमें प्रमुख व महत्त्वपूर्ण है । दीपावली प्रतिवर्ष कार्तिक माह कीअमावस्था को मनायी जाती है । यह एक संक्रमण काल है । वर्षा ऋतु की विदाई तथा शरदकाल काल का स्वागत इसी समय किया जाता है । दीपावली को मनाने के पीछे कई ''मान्यताएँ है । भगवान श्रीराम के बनवास बाल के पश्चात् पुनः अयोध्या तथा भगवान के स्वागत में दीपों का जलाना एक महत्त्वपूर्ण मान्यता है जिसके साथ खुशी या प्रसन्नता का जुड़े रहना एक प्रमुख कारण है । एक अन्य मान्यता के अनुसार कार्तिक माह तक किसानों के खेतों में शरीफ की फसल पक कर तैयार हो जाती है । किसानों के खेत खलियान धान से भरे रहते हैं । खुशी के कारण उसका मन मयूर नाच उठता है वह अपनी प्रसन्नता को दीप जलाकर अर्थात् दीपावली मनाकर अभिव्यक्त करता है । कारण जो भी हो यह निश्चित है कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है, प्रेम भाईचारे का त्यौहार हैं । आपसी कटु ता, कलह, ईर्ष्या-द्वेष को भुलाकर मानव मात्र को गले लगाने का त्यौहार है । दीपावली जैसे त्यौंहार को शुद्व भाव से मनाने से सुख समृद्धि और स्वास्थ्य की वृद्धि होती है । अतः प्रमाणिक रूप से कह सकते है कि दीपावली समृद्धि व सुस्वास्थ दिलाने वाला त्यौहार है ।

प्रतिवर्ष की भाँति इस बार भी हम दीप अवश्य जलाएँ, किंतु केवल तेल-वाती वाला मिट्टी का दीपक ही नहीं !

1. अपितु दीप जलाएँ ज्ञान का - दीपावली के अवसर पर ज्ञान का दीपक जलाकर अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाएँ । घर के हर बच्चे/बच्चियों को पढ़ाएँ, उन्हें उन्नति के शिखर तक पहुँचाएँ । पढ़ने वाले विद्यार्थी दीपावली से अपने अध्ययन को गति दें । अपनी दिनचर्या में अध्ययन के समय को बढ़ाएँ । अध्ययन का अलग से टाइम टेबल बनाएँ तथा उसके अनुसार अध्ययन को प्राथमिकता देवें । शिक्षा से वंचित नहीं रहे । सबकों शिक्षा के पर्याप्त अवसर मिलें ।

2. दीप जलाएँ समृद्धि का - सभी प्रकार के सुख-समृद्धि का मूल है शिक्षा/शिक्षा से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है योग्यता बढ़ती है । योग्यता से धन की प्राप्ति होती है । धन धान्य से समृद्धि आती है अतः सब प्रकार से समृद्धि का कारण शिक्षा ही बनती है । समृद्धि घर-परिवार से गाँव-शहर समृद्ध होते है तथा गाँवो/शहरों की समृद्धि राज्य/देश की समृद्धि का कारण बनती है । समृद्ध देशो/राज्यों से सम्पूर्ण विश्व समृद्ध होता है । मानवता सुख-समृद्धि से पूर्ण होती है ।

3. दीप जलाएँ खुशियों का - उत्सव/पर्व/त्यौहार हमारी खुशियों के लिए होते हैं । हम अपनी खुशियाँ दूसरों को भी बाँटे, अपने तक सीमित नहीं रखें । खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं, दुख बाँटने से कम होते हैं । जितना समय हमारी प्रसन्नता/खुशी में व्यतीत होता है । वही हमारी वासाविक आयु है । पर्व/त्यौहारों के अवसर पर पारस्परिक कटुता को भूलकर भ्रातृभाव, स्नेह, सौहार्द का वातावरण उत्पन्न करें । आपका घर आंगन खुशियों से भर जायेगा । आपको जीवन जीने का वास्तविक आनंद लाभ प्राप्त होगा ।

4. दीप जलाएँ अमन चेन का - पारस्परिक कटुता/वैर/ईर्ष्या-द्वेष हमारी खुशियों के दुश्मन है । आपने रिश्तेदारों के अलावा हम अपने पड़ौसियाँ/मोहल्ले वासियों से भी अच्छे सम्बन्ध बनावें । इसके सुख दुःख में भागीदार बनें । ''एक सबके लिए सब एक के लिए के सिद्धान्त पर चले, सहकारिता को अपनाएँ । अपने अधिकारों की सीमा का समझे, दूसरों के अधिकारों की रक्षा करें । एक-दूसरों के लिए जीएँ । सबके कल्याण की कामना करें । सब सुखी तो ह म सुखी यही भावना रखें ।

5. दीप जलाएँ स्वच्छता का - जीवन में स्वच्छता को अपनाना अत्यंत आवश्यक हैं । स्वच्छ भारत मिशन को अपनाएँ । अपने घर, गली, मौहल्ले को साफ रखें । कचरा इधर-उधर नहीं डालें । जहाँ स्वच्छता है, वहाँ सुस्वास्थ्य है । जीवन में स्वच्छता को अपनाएँ, स्वस्थ रहें । अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें । पर्यावरण की शुद्धि हमारे व पूरे देश के हित में अधिकाधिक पेड़ लगाएँ, उनका संरक्षण करें । पेड़ पौधे हमारे लिए हरा सोना है । उनकी रक्षा हमारा धर्म है । प्रदूषण से बचें, प्रदूषण से वातावरण विषैला बनता है ।

और हाँ, एक बात और हर दीपावली पर अपनी दूसरों को बाँटे । खुशियों को अपने घर-परिवार-मोहल्ले तक सीमित नहीं रखें । दूसरों को भी अपनी खुशी के भागीदार बनाएँ । ऐसे लोगों के बीच जावें जिनके घर चूल्हे नहीं जलते, जहाँ दीपक नहीं सजते । उन्हें अपने हाथ से भोजन-वस्त्र-मिठाई बाँटे । उनकी दुआएँ लें । उन्हें भी दीपावली की खुशी का एहसास करावें । फिर रखें आपकी खुशियाँ हजार गुनी हो जायेगी, आपके मनमरिष्क को परम शांति और संतुष्टि का अनुभव होगा । किसी के होठों पर मुस्कान लाना आपके लिए वरदान सिद्ध होगा ।



## घर-घर दीप जले



किशनलाल साँखला
(पूर्व प्राचार्य)

टोंक आगमन पर माली समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पूर्व मुख्यमत्री श्री अशोक गहलोत का किया भव्य स्वागत

# महात्मा ज्योतिबा फुले ने जो शिक्षा का संदेश दिया उसका लोहा आज पूरा विश्व मानता है - श्री अशोक गहलोत




टोंक । राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने जो शिक्षा का संदेश दिया है उसका लोहा आज पूरा विश्व मानता है और तमाम राजनीति भी इसका लोहा मानती है। आज इन्ही की देन है कि राजीव गांधी के सपना साकारा हुआ और देश सूचना क्रांति के माध्यम से दिनों दिन तरक्की कर रहा है, यह सभी शिक्षा के बल पर ही संभव है। महात्मा ज्योतिबा फूले एक महान आत्मा थी। उन्होंने संकल्प दिलाते हुए कहा कि कि शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों को ध्यान रखे, मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए किसी भी जाति व धर्म के लोग की सेवा करे और अपने क्षेत्र में कोई भी बालक-बालिका शिक्षा से वंचित नही रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को जिला माली (सैनी) समाज की ओर से महादेवाली माली समाज के छात्रावास में महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने टोंक जिला माली समाज को सैनी छात्रावास में महात्मा फूले की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम रखने पर साधुवाद देते हुए कहा कि जहां पर मूर्ति लगती है, वहां की पीढियों तक इसका इतिहास रहता है और समाज की नौजवान पीढ़ी को हमेशा अपने लोगों से जीवन जीने का संदेश मिलता है। गहलोत ने महात्मा फूले अनावरण कार्यक्रम में 36 बिरादरी के लोगों की सेवा का संकल्प लेने का आव्हान करते हुए कहा कि महात्मा फूले समाज सुधारक थे, इतिहास के स्वर्णिम अक्षरो में उनका नाम है, जो भी उन्होंने काम किए, उन कामों को करने का सभी को संकल्प लेना चाहिए। समाज से मृत्यु भोज व बाल विवाह की परंपरा को बंद करना चाहिए, ताकि सामाजिक उत्थान हो और परिवार कर्ज के बोझ तले नही दबे और विकास के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा के दम पर ही राजीव गांधी के सपनों का भारत आगे बढ़ गया है और आज लोग जेब से 10 अंको वाला मोबाइल लगाकर कहीं पर भी देश विदेश तक बात कर सकता है, गांव में खेतो में काम करने वाली महिलाएं भी मोबाइल से बात कर अपना कार्य कर रही है, यह सब शिक्षा की बदौलत ही संभव है। उन्होंने कहा कि जाति, बिरादरी, धर्म नही देखे, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण रखे और पीड़ित, गरीब, दीनहीन की सेवा करे। उन्होंने अपने 45 वर्षो के राजनीति जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि जाति, धर्म, बिरादरी नही देख गरीब व पड़ौसी की सेवा करे, इसी के बल पर मुझे यह मुकाम हासिल हुआ है। इसी से मान-सम्मान बढ़ा है। आप लोग भी अपने क्षेत्रो में बिना भेदभाव के नि:स्वार्थ सेवा करे, इसी से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और इसी से जनता आपको कुर्सी पर बिठाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री नमोनारायण मीणा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने जो शिक्षा का उपदेश दिया है, उसे पूरी दुनिया मानती है और आज उसी से सभी समाज



शिक्षित हुआ है और आगे बढ़ा है। शिक्षित समाज ही मुख्य धारा से जुडकर विकास की राह पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने देश व राज्य को जनकल्याणकारी योजनाएं दी, जो आमजन से छुपी नही है। बैंक खोलकर उद्योग धंधे खोलने की सुविधा प्रदान की, जिससे सभी का विकास सके। उन्होंने कहा कि समाज में कुरीतियों से दूर रहकर व अंधविश्वास से दूर रहकर आने पीढ़ी को शिक्षित करना चाहिए, क्योंकि यही संदेश महात्मा फूले में हम सभी को दिया है, इसी से समाज का विकास व उन्नति संभव है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत ने अपने कार्यकाल में राज्य के गरीब, दलित, पिछडे लोगों के हित में योजनाएं बनाई है जो आप भी जनता को याद आ रही है। राजीव गांधी के सपनो का भारत बन गया है और 21वीं सदी में नया बदलाव आया है। दुनिया के अन्य देशो के मुकाबले भारत के लोगों ने शिक्षा के माध्यम से ही आईटी क्रांति में प्रवेश किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व राजसीको चौयरमेन सुनील परिहार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने शिक्षा का संकल्प लेते हुए सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्री बाई फूले को शिक्षित करते हुए नारी शिक्षा का संदेश दिया और उनके नाम से महाराष्ट्र सहित देश के कई स्थानों पर उनकी प्रतिमाएं, शिक्षण संस्थान, सामाजिक संस्थान आदि शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि महात्मा फूले के पथ चिंहो पर चलकर मानवीय सेवा, पीड़ित, गरीबों के हित, शिक्षा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने कई योजनाएं चलाकर निस्वार्थ कल्याणार्थ कार्य किया। साथ ही आमजन आदमी व बेजुबान लोगों के लिए भी निशुल्क दवा की योजना चलाकर देश में इतिहास रचा।

इस मौके पर अधिवेशन में पूर्व सामाजिक एवं न्यायाअधिकारिता मंत्री रामकिशोर सैनी, पूर्व विधायक चौमू भगवान सहाय सैनी, डांग विकास क्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, पूर्व राजस्थान खेल परिषद पूर्व अध्यक्ष शिवचरण सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मांगीलाल पंवार, माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गुलाब गहलोत, वरिष्ठ समाजसेवी मदनलाल सैनी ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में टोंक जिला माली समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने अपने संबोधित पधारे हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए महात्मा फूले के जीवन व माली समाज टोंक के वरिष्ठ नागरिको के योगदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के लोगों को समाज के लिए राजनीति करनी चाहिए, ना कि राजनैतिक के लिए समाज की सेवा करनी चाहिए। टोंक माली समाज एकजूट है। इस अवसर पर जिला माली (सैनी) समाज जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया के नेतृत्व में आयोजन समिति संयोजक बालमुकन्द सैनी, सहसंयोजक सीताराम कटारा, एस.एन. सैनी ठेकेदार, इजी. भैंरूलाल सैनी, टोंक सदर अध्यक्ष शंकर लाल धुवारिया, पूर्व उपजिला प्रमुख बाबूलाल सैनी, गोपाल लाल सैनी, पूरण मल मावड़ा, रामप्रसाद बागड़ी, कालूलाल बागड़ी, बच्छू लाल सैनी, गोपाल लाल एमएमएम, अम्बालाल सैनी अलियारी, एडवोकेट नवरत्न सैनी, कैलाशचंद खुवाल, शंकर लाल सैनी, एडवोकेट शंकर लाल कच्छावा, सीताराम सौलंकी, एडवोकेट किशन लाल सैनी निवाई, सीताराम अजमेरा आदि ने स्वागत किया तथा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर के नेतृत्व में जिला महामंत्री एडवोकेट लाभचंद अजमेरा, युवा मोर्चा महामंत्री राहुल सैनी, मीडिया प्रभारी कमलेश सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बीसलपुर डेम का स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही गहलोत का जिला माली समाज महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की ओर से मालाओं के साथ मंच पर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सैनी वर्ल्ड इँकोनिमिक फोरम के प्रदेशाध्यक्ष किशोर कुमार टांक, संगठन मंत्री शंकर लाल बॉक्सर, कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी के निज सचिव प्रभातीलाल सैनी, माली समाज पूर्व जिलाध्यक्ष बद्रीलाल भारती, बूंदी जिलाध्यक्ष चौथमल सैनी, प्रहलाद तलाईच, सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष भागचंद सैनी, प्रहलाद बारवाल सवाईमाधोपुर, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज प्रदेश महासचिव रमेशचंद सैनी रहमानदिया, जिलाध्यक्ष पाँचूलाल सैनी, निवाई पार्षद सुनिता

सैनी, प्रेमचंद गंगाड़ी निवाई, गणेश गंगाड़ा, बंशीधर सैनी जयपुर, पूर्व सरपंच मेहन्दवास पोखरलाल सैनी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कमलेश डाबला, एडवोकेट छोटेलाल सौलंकी, कन्हैया लाल सैनी, पुष्कर लाल सैनी, विष्णु बड़ीवाल, जगदीश मुंशी, सोमेश्वर सैनी, टोंक विधानसभा अध्यक्ष अशोक सैनी, समीर सैनी, भानुप्रताप सैनी इन्दौर, कर्मयोगी सागरमल सैनी, महिला तहसील अध्यक्ष संतोष सैनी, उपाध्यक्ष गणेश सैनी, जिला संगठन मंत्री कल्याण बड़ीवाल, जिला सचिव भंवर लाल सैनी चंदमा वाले, जिला युवा उपाध्यक्ष समीर सैनी, कार्यालय मंत्री भगवन सहाय सैनी, जिला उपसचिव धन्ना लाल सैनी, रामफूल सैनी साडागांव, सूरजमल सैनी, युवा उपाध्यक्ष बुद्धराज सैनी, प्रचार -प्रसार मंत्री अंकित सैनी , तहसील युवा उपाध्यक्ष मुकेश मारोठिया, टोंक विधानसभा अध्यक्ष चौथमल निवाईवाल, युवा मोर्चा टोंक विधानसभा अध्यक्ष पवन सैनी, शिवराज सैनी, मुरारी सैनी गाड़ोली, बाबू लाल सैनी टोड़ारायसिंह, रामफूल सैनी सोलंगपुरा, राधेश्याम सैनी डाबला, दामोदर सैनी, दीपक सैनी, हनुमान सैनी, राजकुमार सैनी, महेन्द्र सैनी, सीताराम सैनी, रामदयाल सैनी, प्रकाश सैनी, लोकेश सैनी, भरत सैनी, विनोद सैनी, राजू लाल सैनी व अरविंद सिंगोदिया, महावीर दग्धी, सत्यनारायण दग्धी, रामनिवास सैनी, पोखरलाल, नोरतमल सैनी, अभिषेक लावा, सुरेश लावा, हनुमान सैनी चाकसू आदि लोग मौजूद थे।

इससे पूर्व महात्मा ज्योतिबा फूले छात्रावास में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फूले का दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर अनावरण किया। इस भव्य समारोह के मंच क संचालन अध्यापक कमल कुमार सैनी ने किया।





# मंच टूटने से बाल बाल बचे श्री अशोक गहलोत



टोंक। महात्मा फूले प्रतिमा अनावरण समारोह में समारोह के बाद स्टेज पर श्री अशोक गहलोत का स्वागत एवं माल्यार्पण करने के लिए उमड़ी भीड़ के कारण स्टेज भर भराकर गिर जाने से पूर्व मूख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित अनेकों राजनेता एवं समाज के प्रतिष्ठित जन प्रतिनिधि हुए घायल। टोंक। महादेववाली में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में माली समाज की और से आयोजित मूर्ति अनावरण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भाषण समाप्त होते ही भीड़ की वजह से मंच टूट गया। अफरा-तफरी के माहौल में सुरक्षाकर्मियों ने गहलोत को संभाला।

हादसे में गहलोत सहित कई नेताओं को हल्की चोटे आई। गहलोत इस हादसे में बाल-बाल बच गए। इस दौरान मंच पर पूर्व केन्द्रीय नमोनारायण मीणा, विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा, पूर्व मंत्री जकिया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामबिलास चौधरी सहित कई पूर्व विधायक मौजूद थे।

कार्यक्रम करीब सवा चार बजे खत्म हो गया था। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंच से नीचे उतरने के लिए खड़े हुए ही थे कि नीचे खड़े कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए मंच एकसाथ चढ़ गए। करीब दो मिनट बाद मंच पर लोगों की इस कदर भीड़ जमा हुई कि मंच उनका वजन झेल नहीं सका और चरमरा गया। इससे मंच पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत समेत अन्य लोग, मीडियाककर्मी आदि मंच के साथ नीचे गिर गए। इससे गहलोत समेत कई लोग मामूली तौर पर चोटिल हो गए।

# शिक्षा समाज के सर्वांगिण विकास के लिए अति आवश्यक - श्री अशोक गहलोत





11 अक्टूबर 2016 (जोधपुर) प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी माली संस्थान, जोधपुर की वार्षिक बैठक तथा समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह भव्य मेले के साथ स्थानीय रामबाग परिसर में सम्पन्न हुआ। संस्थान की परम्परा के अनुसार प्रतिवर्ष यह दशहरे के दिन ही सम्पन्न होता है। समारोह आयोजन के कारण यहाँ दिन भर मेले का माहौल रहा जिसे ''माली मेला'' भी कहा जा सकता है।

महामंदिर चौराहे के निकट रामबाग परिसर में प्रातः काल में संस्थान की आमसभा की वार्षिक बैठक संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी जिसमें कार्यकारिणी सहित सभी सदस्यों ने भी भाग लिया। बैठक में पहले गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। संस्थान की आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में आगामी वर्ष के व्यय का अनुमानित बजट भी पारित किया गया। बैठक में सदस्यों की बजट सम्बन्धी शंकाओं का भी समाधान किया गया। अंत में अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद के साथ ही बैठक सम्पन्न घोषित की गयी। बाद में यह बैठक प्रतिभा सम्मान समारोह के रूप में परिवर्तित हो गयी।

दिन में लगभग 12.30 बजे सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान् अशोक गहलोत (पूर्व मुख्यमंत्री) के शुभ आगमन के साथ ही प्रतिभा समारोह की औपचारिक शुरुआत हुयी। मुख्य अतिथि ने अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन किया तथा महात्मा फुले दम्पत्ति के चित्र को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। समारोह की अध्यक्षता श्रीदेवीचंद देवड़ा ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजेन्द्र गहलोत (पूर्व मंत्री), श्री मोतीलाल साँखला (फालना), श्री रघुनाथ देवड़ा (सिरोही) श्री गुलाब (बीकानेर) श्री धर्मेन्द्र टाक (अजमेर), श्री हुनमान सिंह सैनी (जयपुर) आदि ने प्रतिभा सम्मान समारोह की शोभा बढ़ायी। समारोह के प्रारम्भ में सभी अतिथियों को हृदय से स्वागत करते हुए संस्थान के सभी दानदाताओं, प्रतिभाओं, के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। आपने कहा कि संस्थान ने विभिन्न दशाओं में समाजहित में कार्य किया है। बी.पी.पी.एस. के माध्यम से रोजगार अभियान, शिक्षा प्रोत्साहन, कम्प्यूटर शिक्षा, गैस आधारित शवदाह गृह, शिविरों के माध्यम से आमजन की स्वास्थ्य सेवा आदि संस्थान की मुख्य उपलब्धियाँ है। आपने एम्स (जोधपुर) के निकट प्रस्तावित 'आरोग्य भवन' की रूपरेखा बतायी तथा सहयोग के लिए दानदाताओं का आभार प्रकट किया तथा निर्माण में अपेक्षित सहयोग की आशा प्रकट की। आपने स्पष्ट कहा कि समाज की बेटियाँ समाज व संस्थान का अभिन्न अंग हैं जिनपर गर्व किया जा सकता है। संस्थान बेटियाँ की शिक्षा, आवास आदि की सुव्यवस्था करते हुए उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिचित करने के लिए कृतसंकल्प है। प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में भी संस्थान योजनापूर्वक आगे बढ़ रहा है तथानिकट भविष्य में अच्छे परिणाम मिलने की आशा है।

विशिष्ट वक्ता के रूप में श्री राजेन्द्र गहलोत ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस अवसर पर संस्थान के लिए नींव का पत्थर कहलाने वाले भामाशाहों को भुलाया नहीं जा सकता। उपलब्धि पूर्व गतिविधियों के संस्थान अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा तथा सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। आपने कहा कि समाज के सभी आदर्श महापुरूषों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। आपने अमरपुरा (नागौर) में निर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा महोत्सव में 1-5 दिसम्बर को वहाँ पधारने का भी निमंत्रण दिया। इस अवसर पर समाज के विराट स्वरूप के दर्शन होंगे। श्री सुनिल परिहार ने सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि खुशी से पौधे को पनपाकर अन्न उत्पन्न करने वाला

समाज (माली) देश के भरण पोषण की क्षमता रखता है, ऐसे समाज में जन्म लेना ही अपने आपमें गर्व की बात है। आपने फुले दुम्पति को भी नमन किया जिसमें प्रत्येक वर्ग की सेवा की। आपने कहा कि सर्व समाज की सेवा का संदेश देने वाले आदर्श व्यक्तित्व के धनी श्री अशोक गहलोत हमारे लिए प्रेरणा के अनुपम स्त्रोत है। आपने सकारात्मक सोच के साथ अनुशासन में रहते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा प्रस्तावित ''आरोग्य भवन'' के निर्माण में सहयोग की अपील की। आपने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को शिक्षा के क्षेत्र में ओर आगे बढ़ने तथा समाज व देश का नाम रोशन करने का महत्त्वपूर्ण संदेश दिया।

विशिष्ट वक्ता व अतिथि श्री मोती बाबा फूले ने जैकारे के साथ समारोह को सम्बोधित किया और कहा कि राजस्थान में सर्वप्रथम 1959 में गोड़वाड़ क्षेत्र के माली समाज का एक बड़ा अधिवेशन हुआ शैक्षिक क्रांति का शंखनाद था। उस समय फालना में छात्रावास की पहली बार स्थापना हुई जिससे समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ। छात्रावास अपनी स्थापना की स्वर्णजयंती समारोह मनाने जा रहा है। 17 से 19 नवम्बर 16 को आयोज्य इस समारोह का आपने सबको निमंत्रण भी दिया। आपने समाज की एकता घर बल देते हुए आगे बढ़ने का आग्रह किया।

अंतिम वक्ता के रूप में मुख्य अतिथि श्री अशोक गहलोत (पूर्व मुख्यमंत्री) ने समाज समारोह को सम्बोधित किया। सर्वप्रथम आपने ऐसे उत्साहपूर्व आयोजन तथा निमंत्रण के लिए संस्थान के पदाधिकारियों को बधाई दी। बाद में आपने सम्मान योग्य युवा प्रतिभाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। आपने समाज में शिक्षा के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की प्रथम आवश्यकता है। आपने कहाकि निःस्वार्थ संवा भावना से संस्थानकी विशिष्ट पहचान बनी है। इस पहचान को आगे भी कायम रखा जाना चाहिए। आपने उन सभी भामाशाहों के प्रति भी आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से संस्थान में बहुत से निर्माण कार्य संभव हुए। आपने अमरपुरा (नागौर) में मदिर निर्माण को भी समाज की एक उपस्थित बताया। आपने समय के अनुसार शिक्षा व्यवस्था की आवश्यक पर भी बल दिया। आपने कहा कि कम्प्यूटर शिक्षा ज्ञान का भण्डार है तथा आज की प्राथमिक आवश्यकता भी। आपने रोजगार प्राप्ति के क्षेत्र में श्री देवीचंद देवड़ा के योगदान को सराहा तथा स्थान पर ऐसे कार्य की परम आवश्यकता बतायी।

समारोह को डॉ. ओमकुमारी गहलोत (पूर्व महापौर) श्री मांगीलाल पंवार (जयपुर), श्री गुलाब गहलोत (बीकानेर) श्री नरेन्द्र कच्छवाहा, श्री रघुभाई (सिरोही) श्री प्रकाश गहलोत, श्री हनुमान प्रसाद सैनी ने भी सम्बोधित किया।

बाद में मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने समाज की बारह सौ प्रतिभाओं को पदक प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया। सम्मानित होकर प्रतिभाओं के चेहरे प्रफुल्लित दिखायी दिये।

## माली सैनी सामुहिक विवाह सम्मेलन 28 फरवरी, 2016 को



अजमेर जिला माली (सैनी) सामूहिक विवाह सामिति द्धरजि.ऋ के तत्वधान में माली समाज का तेरहवां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दिनांक 28 फरवरी 2017, फुलेरादूज, मंगलवार को आजाद पार्क, अजमेर में किया जा रहा है।

विवाह योग्य जोड़ों के पंजीयन का कार्य शुरू हो चुका है इसमें विवाह योग्य युवक की 21 वर्ष व युवती की 18 वर्ष की आयु होना अनिवार्य है।

तेरहवा (13वां) सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 फरवरी 2017 को होने वाले सम्मेलन की अधिक जानकारी हेतु समिति के कार्यालय -तेजाजी की देवली, उसरी गेट, अजमेर के अतिरिक्त अध्यक्ष 9413304481, उपाध्यक्ष 9829168570, सचिव 9413664550, सह–कोषाध्यक्ष 98283778910, संयोजक–8058790836 से सम्पर्क कर सकते है।

समिति ने अब तक लगभग 500 नव दम्पत्तियों को सामूहिक विवाह समाज द्वारा परिणय सूत्र में बांधा है। समिति द्वारा समाज में फैली फिजूलखर्ची, बाल विवाह व अन्य कुरीतियों को दूर करने का प्रयास कर रही है। इसके साथ–साथ समाज को एक सूत्र में बांध कर संगठित होकर कार्य करने का भी संदेश दे रही है।

## समाज की ननद-भाभी ने जीते पदक





टोंक। जालौर में हुई राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में टोंक की भाभी व ननद ने स्वर्ण व रजत पदक जीते है। भाभी सुगना सैनी ने 48 किलोभार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा ननद रेखा सैनी ने 56 किलोभार वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता है।

समाज में ऐसी मिसाल कम ही देखने को मिलती है कि ससुराल में आने के बाद भी भाभी व ननद किसी खेल में एक साथ खेल रही हो। अपने समय के नामी वेट लिफ्टर रहे ससुर कन्हैयालाल सैनी ने बताया कि परिवार में खेल के प्रति रूझान है। इसके चलते बहु सुगना ने भी वेट लिफ्टिंग कराने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर परिवार के सभी लोग सहमत हो गए इसके चलते ननद व भाभी एक साथ अभ्यास करने लगी। उन्होंने इससे पहले भी कई जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में एक साथ खेल का प्रदर्शन किया हैं

माली सैनी संदेश परिवार दोनों महिलाओं को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके परिवार के कन्हैयालाल सैनी का हार्दिक आभार प्रकट करता है जिन्होंने वर्तमान युग में जहां महिलाओं के प्रति पुरूषों की धारणा घर बार संभालने की रहती है वहां अपनी सोच बदलते हुए दोनों को प्रोत्साहित कर समाज एवं राज्य के नाम को गौरवान्वित किया।

### बालेसर में हुआ रक्तदान शिविर, वृद्धाश्रम में सुंदरकाण्ड के पाठ का आयोजन

# कर्मयोगी स्व. श्री भगवान सिंह परिहार के अवतरण दिवस पर निर्धनों के लिए कपड़ों की बगिया का शुभारंभ






जोधपुर। नवजीवन संस्थान के संस्थापक कर्मयोगी स्वर्गीय श्री भगवान सिंह परिहार के 89वें अवतरण दिवस पर लवकुश शिशु गृह में निर्धन बालक बालिकाओं एवं सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए "**कपड़ा की बगिया**" (नि:शुल्क वस्त्रालय) का शुभारंभ किया गया।

संस्थान प्रभारी श्री राजेन्द्र परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय बाऊजी हमेशा गरीबों एवं असहाय अनाथों के लिए कार्य करते रहे थे तथा उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन इनके पालने पोषने हेतु समर्पित कर दिया था। उन्हीं की प्रेरणा से आज यह नि:शु वस्त्रालय का शुभारंभ किया जा रहा है जिसमें कोई भी यहां सांय 4 बजे से 6 बजे तक आकर उपलब्ध वस्त्रों में से अपनी पंसद के कपड़े ले जा सकता है।

इस वस्त्रालय का शुभारंभ जोधपुर के प्रथम नागरिक महापौर श्रीमान घनश्याम औझा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर माली सैनी संदेश संपादक मनीष गहलोत, समाजसेवी चेतन देवड़ा, सौरभ परिहार, अभिनव परिहार, लक्ष्मणराम टाक, छात्र नेता सांवर परिहार, लायंस क्लब के पदाधिकारी गण भी उपस्थित थे।

महापौर ने इस पुनीत कार्य हेतु संस्थान प्रभारी का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए मानव सेवा के लिए नवजीवन संस्थान के द्वारा किए जा रहे कार्यो की मुक्तकंठ से प्रंशसा करते हुए कहा कि आज हमारे बीच बाऊजी नहीं है लेकिन उनके बताए हुए मार्ग पर हम जनसेवा का कार्य कर उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते है। हमें उनके द्वारा आंरभ किए गऐ लोक कल्याण के कार्यो को पूर्व की भांति आगे भी निर्विघ्न चलाते रहना है जिससे आवश्यक जरूरतमंद की सेवा की जा सके। उन्होनें आज कपड़े लेने आये बच्चों और महिलाओं को अपनी पंसद के कपड़े पहन कर जो खुशी मिल रही है उससे उससे इस पुनीत कार्य की सार्थकता सिद्ध होती है।

**बालेसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 51 युवाओं ने रक्तदान कर बाऊजी को दी श्रद्धांजलि :**

इससे पूर्व आज बालेसर में स्वर्गीय श्रीमान भगवान सिंह परिहार की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज सेवा संस्थान एवं पार्वती फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया । शिविर संयोजक श्री जैनाराम सांखला ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, नवजीवन संस्थान प्रभारी श्री राजेन्द्र परिहार, तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में माली सैनी संदेश संपादक मनीष गहलोत, सत्पत सोसायटी के सचिव श्री राजेश गहलोत, पूर्व सरपंच श्री रेवतराम सांखला, जय अंबा पार्वती फाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री गंगाराम सांखला, लक्ष्मणराम टाक, राधाकिशन तंवर, चिमनाराम कच्छवाहा, चेतन परिहार, छात्र नेता सांवर परिहार, ललित गहलोत, कुश गहलोत, छंवर सिंह परिहार, अरविंद परिहार सहित अनेकों युवाओं ने रक्तदान करने वाले युवाओं का बहुमान किया। इस अवसर पर युवाओं द्वारा 51 यूनिट रक्तदान किया गया रक्तदाताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

श्री राजेन्द्र गहलोत ने स्वर्गीय भगवान सिंह परिहार के द्वारा अनाथ एवं असहाय बच्चों के साथ ही बुर्जगों के लिए बनाए गए आस्था वृद्धाश्रम में जिस सेवा भाव से सभी के लिए व्यवस्था की गई है वह कहीं भी देखने को नहीं मिलती है स्वर्गीय बाऊजी ने आजीवन निस्वार्थ भाव से अपने जीवन काल में बहुत ही अनुकरणी कार्य कर समाज के तिरस्कृत बच्चों के लालन पालन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी थी। उन्होंने इस पुनीत कार्य में रक्तदान करने वाले युवाओं को बाऊजी से सीख लेने की बात कही।

इस दौरान राजकीय महाविद्यालय बालेसर के अध्यक्ष श्री प्रकाश गहलोत, समाजसेवी श्री बालाराम सांखला, श्री पैपाराम सांखला, श्री रमेश गहलोत, श्री





अशोक सांखला, सेठाराम गहलोत, पेपाराम गहलोत, दिलीप, मगनाराम सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

इससे पूर्व नवजीवन संस्थान के आस्था में वृद्धदिवस के अवसर पर वृद्धों का सम्मान समारोह रखा गया जिमें हाईकोर्ट के माननीय न्यायधीश श्री जी. के. व्यास, जिला न्यायायल के न्यायधिशों एवं 10 एडीजे, व सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम व समाज कल्याण अधिकारी व जोधपुर के वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे, सभी मेहमानों ने हमारे प्रेरणा सोत्र स्वर्गीय श्री भगवान सिंह परिहार को याद किया । कार्यक्रम के आयोजिक नवजीवन संस्थान के प्रभारी श्री राजेन्द्र परिहार ने सभी महानुभावों का आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि ने स्वर्गीय बाऊजी के बारे में बताया कि वे सर्व समाज के प्रेरणास्पद सच्चे समाजसेवी थे कर्मयोगी, अनाथों के नाथ, असहाय बुजुर्गो की लाठी श्री भगवान सिंह परिहार अब हमारे बीच में नहीं रहे लेकिन उनके द्वारा मानव सेवा के जो सफल कार्य आरंभ किये उनसे हमे प्रेरणा लेकर अपने जीवन का सफल बनाने के लिए समाज में व्याप्त कुरूतियों का निवारण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करनी है।

इस अवसर पर सभी ने आगामी 7 दिसम्बर, 2016 को बाऊजी की प्रथम पुण्य तिथि पर जोधपुर में नवजीवन संस्थान में रक्तदान शिविर के आयोजित करने की बात कही तथा जोधपुर ही नही पूरे मारवाड़ के सभी गांवों एवं कस्बों में स्वर्गीय बाऊजी के द्वारा किये गये सेवा कार्यो के बारे में लोगों का बताने तथा उनके द्वारा सर्व समाज के हितार्थ प्रारंभ किये गये सेवा कार्यो से प्रेरणा ले कर कोई भी सेवा का कार्य प्रांरभ करने की बात कही।

संस्थान द्वारा सभी युवाओं को इस अवसर पर पधार कर शिविर को सफल बनानें पर हार्दिक आभार प्रकट किया गया।

---

# अजमेर में भी जनता की दीवार से कपड़ों का निःशुल्क वितरण



अजमेर। महापौर श्री धर्मेन्द्र गहलोत द्वारा अजमेर के वार्ड 60 में पार्षद कार्यालय के सामने की दीवार पर एक अनूठे परोपकार के रूप में किया गया। इस जनता दिवार का सिद्वांत बहुत ही सीधे शब्दों के रूप में ''अगर आपके पास जरूरत से ज्यादा कपड़े हो तो इस जनता दिवार पर छोड़ जायें, अगर आपकों जरूरत है तो यहां से ले जायें'' आप के पास ऐसे कपड़े जो आप उपयोग में नहीं लेते है या उन कपड़ो से आपका मोह भंग हो गया है या कपड़े छोटे हो गए है चाहे वो छोटे बालक बालिकाओं के हो या आपके हो, सभी प्रकार के कपड़े आप इस जनता दीवार पर लाकर टांग सकते है बस इतना सा ध्यान रहे कि कपड़े साफ सुथरे और प्रेस किये हुए हो, कटे या फटे नहीं होने चाहिए मतलब ऐसे कपड़े जिसका उपयोग आप स्वयं कर सकते हो।



वार्ड 60 के पार्षद श्री चन्द्रेश सांखला ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी वार्ड वासियों का सहयोग मिला जिससे कार्यक्रम के समाप्त होते ही 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत कपड़े लोग ले गये, इसकी सफलता ने हम सभी की इस साच को बदलने पर मजबूर किया कि कौन जायेगा ?लोग को कपड़े ले जाने में हिचक होगी आदि... जिससे देने वाले ओर लेने वाले दोनों का मनोभाव सिद्ध हो गया।

## पीपाड़ पालिका बोर्ड द्वारा विकास के तहत किए गए कार्यो के चलते 13 माह में ही हुआ निर्माण पूरा

# नगर पालिका द्वारा निर्मित ज्योतिबा फुले पार्क का किया लोकार्पण



पीपाड़ शहर ।भाजपा शासन में विकास कार्यो के लिए धन की कमी कभी आड़े नही आने दी गई है। पीपाड़ में भाजपा पालिका बोर्ड द्वारा विकास के के तहत किए गए कार्यो के चलते 13 माह में ही शहर में विकास के बेहतरीन कार्य हुए है। पीपाड़ में सालों से लंबित महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क के निर्माण कार्यो को लेकर पालिका प्रशासन द्वारा किए गए कार्यो से शहर में विकास का अनुमान लगाया जा सकता है।

ये शब्द नगरपालिका द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक एवं विधि राज्य मंत्री श्री अर्जुनलाल गर्ग ने कहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद श्री रामनारायण डूडी ने कहा कि कैंद्र व राज्य भाजपा सरकार द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष श्री महेंद्रसिंह कच्छवाह ने कहा कि चुनावों के समय जनता से किए सभी वादों को पूर्ण कर शहर को विकास की राह पर अग्रसर करना ही बोर्ड की प्रथम प्राथमिकता है।

पूर्व मंत्री श्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि पालिका प्रशासन द्वारा नागरिकों के लिए पार्क निर्माण करवाना सराहनीय कदम है। इससे स्थानीय नागरिकों बेहद लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र में कचरा संग्रहण के लिए पालिका प्रशासन द्वारा खरीदे चार कचरा संग्रहण वाहनों का अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर पालिका उपाध्यक्ष उमरदराज कुरेशी, माली सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री प्रभाकर टाक, श्री धनराज सोलंकी, एसडीएमश्री रिछपाल सिंह बूरड़क, विकास अधिकारी श्रभ चिंदबरा परमार, तहसीलदार श्री प्रभात कुमार त्रिपाठी, थानाधिकारी श्री किशनलाल विश्नोई, श्री दिनेश भंवरिया, श्री बाबूलाल सांखला, नेता प्रतिपक्ष श्री अशोक दवे, ईओ श्री सुरेशचंद्र शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्षदगण व स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



# संत श्री लिखमीदास जी विकास संस्थान में कृष्णकुमार माली बने ब्लॉक अध्यक्ष



रानीवाड़ा, जालौर। तहसील क्षेत्र के समाज को सुशिक्षित व सुस्कारित करने के मकसद को लेकर बामनवाड़ा में संत श्री लिखमीदास जी विकास संस्थान अमरपुरा धाम नागोर के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। स्थानीय स्वजाति बंधुओं के द्वारा मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। बैठक के संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत, श्री राधाकिशन तंवर युवा वाहिनी के राष्ट्रीय श्री अध्यक्ष भगवानाराम माली व प्रदेश अध्यक्ष श्री चिमनाराम कच्छवाह सहित जिला अध्यक्ष श्री चुन्नीलाल गहलोत सांचोर ने भाग लेकर समाज के विकास को लेकर चिन्तन व चर्चा की।

बैठक आम राय बनाकर युवा वाहिनी के गठन का निर्णय लिया गया। बाद में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर युवा वाहिनी की कार्यकारिणी का गठन कर जिला उपाध्यक्ष पद पर सर्व श्री जेठाराम सोलंकी बड़गाव रानीवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिलासन, ब्लॉक उपाध्यक्ष ओमप्रकाश परमार बड़गाव, संगठन मंत्री दानाराम सुदेंशा, अशोक गहलोत, जयरूप गहलोत, सरमेश सोलंकी व मोहन परमार डोडवाडीया ब्लॉक महामंत्री भूपेंद्र परिहार जैतपुरा जिला प्रचार मंत्री भरत सुंदेशा मालवाड़ा व जिला सचिव पद पर चार्टेड एकाउंटेंट प्रवीण परिहार को मनोनीत किया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने श्री लिखमीदास महाराज के आदशों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही । आगामी दिसम्बर में होने जा रही संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज एवं रामदेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शोभा बढ़ाने का आहान किया गया।

इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सर्व श्री किरणकुमार मालवाड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरधाराम परिहार जवानमल हडमतिया, सांवलाराम परमार बड़गाव, अर्जुन परिहार ओखाराम परिहार जैतपुरा, गणेशाराम सुदेंशा जीतेन्द्र परिहार जैतपुरा, दीपाराम डोडवाडीया, पदमाराम आमपुरा बगताराम परमार सहित कई जने मौजूद रहे।

# 3 प्रधानमंत्री की सुरक्षा घेरे का हिस्सा रहे श्री चंपालाल सांखला को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार, प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित





नागौर। माली समाज के श्री चंपालाल सांखला 1987 से अब तक देश के तीन प्रधानमंत्री की सुरक्षा घेरे का हिस्सा रहकर उन्हें सुरक्षा दे चुके है इन 29 सालों के दौरान उन्होनें नक्सल प्रभावित इलाकों और सीमा पर भी कई बार दुश्मनों का सामना किया। उनकी इसी बहादुरी की वजह से अब उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक मिला है। सांखला ने 1987 में बीएसएफ ज्वाइन की थी। वह अपनी सेवा के दौरान देश के प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी, श्री मनमोहन सिंह और वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी घेरे में शामिल रहकर उन्हें सुरक्षा प्रदान कर चुके है। इतना ही नही सुरक्षा के हर क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को लेकर हाल ही में उन्हें सबसे बड़े पदक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा सांखला के परिवार में माता श्रीमती मीरा, पत्नी श्रीमती रामसंवारी और तीन पुत्रिया ललिता, कोमल और मिनल है। श्री चंपालाल के पित स्वर्गीय श्री बाबूलाल किराणा की दुकान चलाते थें। श्री चंपालाल सांखला वर्तमान में जम्मू कश्मीर में तैनात है।

**एसपीजी में 6 साल तक सेवाएं विशिष्ट सेवाओं के लिए बढ़ाया कार्यकाल :** सामान्य तौर पर एसपीजी में 6 साल तक की सेवाएं तय की जाती है। लेकिन एएसआई श्री चंपालाल सांखला को उनके काम के लिए कुल 12 साल के लिए नियुक्त किया । वे प्रधानमंत्रियों के लिए बनाए गए सुरक्षा घेरे में सबसे भीतर के घेरे में तैनात रहे थे। पहले वे कच्छ, भुल, कश्मीर, कारगिल, आसाम, मणिपुर में तैनात रहे। उन्होंने नक्सलियों से मुकाबला किया। हालांकि सुरक्षा कारणो के कारण जानकारी सार्वजनिक नहीं की सकती है।

**भर्ती रैली देखी, दस्तावेज लेकर पहुंचे, हुआ चयन :** श्री चंपालाल सांखला ने बताया कि नागोर कॉलेज में वर्ष 1987 में बीएसएफ भर्ती में मैने भी निर्णय लिया कि बीएसएफ में शामिल होकर अपने देश की सेवा करेंगे। घर पहुंचतें ही उन्होंने अपनी मां को अपनी इच्छा बताई। परिजन कुछ कह पाते, इससे पहले ही वे अपनी जिद पर अड़ गए ओर अपने परिजनों को बीएसएफ में भेजने के लिए राजी होना ही पड़ा।

वर्तमान में वरिष्ठ सुरक्षा सहायक के पद पर तैनात श्री सांखला को 15 अगस्त 2015 में इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। लेकिन यह मैंडल उन्हे गत 11 अक्टूबर को दिया गया है। शहर के बाड़ी कुओं मोहल्ले में रहने वाले सांखला को यह मैडल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खुद दिया। इस सम्मान के बाद उनके परिवार व रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है। श्री सांखला शुरू से ही देश सेवा के लिए समर्पित रहे है। वह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी सेवाएं दे चुके है।

**छोटा भाई भी बीएसएफ है :** सन 1987 में बीएसएफ में भर्ती होने के बाद वे 2002 में एसपीजी ग्रुप में नियुक्त किए गए। जिसके बाद से चंपालाल अब तक तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों श्री अटलबिहारी वाजपेयी श्री मनमोहन गांधी और श्री नरेंद्र मोदी सहित कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी तक की सुरक्षा दल का हिस्सा रह चुके है। उनके परिवार में छोटे भाई हरनारायण भी बीएसएफ की 63 वी बटालियन में कांस्टेबल पद पर तैनात है। माली सैनी संदेश परिवार श्री चंपालाल को हार्दिक बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने पर उनका अभिनंदन करता है तथा विश्वास व्यक्त करता है कि श्री चंपालाल सांखला अपने उत्कृष्ठ सेवा से देश को गौरवान्वित करेगें।

# सैनी कर्मचारी संगठन द्वारा आयोजित किया गया निःशुल्क जांच शिविर



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर को सैनी धर्मशाला, मुंडका में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर (दवाई सहित) का आयोजन सैनी कर्मचारी विकास संगठन, नई दिल्ली की ओर से किया गया। प्रात: 10 बजे धर्मशाला प्रांगण में महात्मा ज्योति बा फूले व महाराजा शूरसेन सैनी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर वरिष्ठ समाजसेवी श्री मीर सिंह सैनी व डॉ. सूरज सिंह सैनी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री रामनारायण सैनी (संरक्षक, सैनी धर्मशाला), डॉ. रामगोपाल सैनी (प्रधान, सैनी धर्मशाला), श्री सुशील सैनी (प्रधान सैनी धर्मशाला, त्रिनगर), श्री तेजाराम सैनी (रिटायर्ड स्कूल इंस्पेक्टर), श्री रमेश सैनी '(अधिवक्ता), श्री महावीर सैनी (प्रधान-महात्मा ज्योति बा फूले ट्रस्ट), श्री रामप्रसाद सैनी, श्री रामानंद सैनी, श्री कंवल सिंह सैनी, डॉ जयभगवान सैनी( रिटायर्ड, प्रिंसिपल) व सैनी कर्मचारी विकास संगठन की ओर से डॉ. आर. पी. सैनी, श्री मक्खन लाल सैनी (टीचर, उत्तमनगर), डॉ अनीश सैनी, डॉ गिरधारी सैनी, डॉ रिजुल सैनी, डॉ सावित्री सैनी, श्री विरेन्द्र सैनी, श्री विमल सैनी, संतोष सैनी, नरेश सैनी, हरीसिंह सैनी, फार्मासिस्ट विक्रांत सैनी, अनिल सैनी व डॉ. नरेन्द्र सैनी उपस्थित रहे।

साथ ही सैनी कर्मचारी विकास संगठन का स्नेह मिलन समारोह भी रखा गया, जिसमें सैनी समाज मुंडका के द्वारा सैनी कर्मचारियों को उनके द्वारा आयोजित किये गए मानव सेवा हेतु फ्री मेडिकल कैंप विद मेडिसन के सफलतापूर्ण संपन्न होने के उपलक्ष्य में मोमेंटों व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुंडका सैनी समाज द्वारा कुल 80 कर्मचारी व समाज सेवियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुंडका सैनी समाज ने कहा कि दिल्ल ी में मेडिकल कैंप विद मेडिसन आयोजित करने का यह पहला और अनुमरणीय प्रयास हे इसके लिए हम सभी सैनी कर्मचारी विकास संगठन के आभारी है सभा को संबोधित करते हुए डॉ अनीश सैनी व डॉ आर. पी. सैनी ने कहा कि हमारे कर्मचारियों का संगठन बिना समाज से चंदा उगाये ही इस तरह की सेवा देता रहेगा।

माली सैनी संदेश परिवार आयोजकों को सेवा के अनुठे कार्य के लिए हार्दिक आभार प्रकट करता है।

# मुकेश सैनी सैनी राष्ट्रीय संस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोनित हुए




पाली जिला बर निवासी प्रदेश माली सैनी महासभा के सचिव महेन्द्र चौहान को सैनी राष्ट्रीय संस्थान के राजस्थान प्रदेश के संयोजक श्री रामगोपाल गहलोत के निर्देशानुसार संस्थान के अध्यक्ष श्री जगदीश सैनी ने सैनी राष्ट्रीय संसीान का जयपुर में आयोजित प्रथम अधिवेशन में सभी जिलों के प्रभारियों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से श्री महेन्द्र चौहान के सामाजिक कार्यो को देखते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोनित किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी का भी गठन किया गया कार्यकारिणी में ब्यावर के महेन्द्र मरोठिया प्रदेश महासचिव व रास निवासी जयप्रकाश सैनी को प्रदेश सचिव, कौशल्या गहलोत को महिला महासचिव, पाली जिला अध्यक्ष पद पर हेमंत भाटी को व सचिन चौहान को प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया।। अधिवेशन में उपस्थित सैकड़ों की तादाद में समाज बंधुओं ने चौहान को युवा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर महेन्द्र चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में फैली कुरीतियों का जड़ से उखाड़ फैंकना तथा समाज में शिक्षा पर जोर देना तथा समाज में सामुहिक विवाह का आयोजन करवाना और मृत्युभोज बंद करवाने का संकल्प दिलाया। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद जयपुर से लोटते समय चौहान का अजमेर, ब्यावर, रास, राबड़ियावास, गिरी व बेर में सैनी समाजके कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बिराटियां कलां के सरपंच श्री ओमप्रकाश माली, रायपुर सरपंच श्री चेनाराम माली, गिरी सरपंच श्रीमती सुमित्रा माली, श्री रामप्रकाश गहलोत, जैतारण, गौतम पहलवान, पूर्व सरपंच श्री मदनलाल माली, श्री चंपालाल चौहान, श्री गोविंद चौहान, श्री चेतनप्रकाश दग्दी, श्री राकेश सैनी सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे।

माली सैनी संदेश परिवार मुकेश सैनी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त करता है कि मुकेश सैनी के नेतृत्व में समाज के युवा सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में समाज का प्रतिनिधत्व कर युवाओं को सेवा के लिए आगे लाने के प्रयास करेगें।

## माली समाज भवन में समाज की जिला स्तरीय ज्ञान प्रतियोगिताओं एवं सम्मान समारोह आयोजित

# 256 विद्यार्थी शामिल हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में



भीनमाल। स्व. भैराराम परमार की स्मृति में रविवार 23 अक्टूबर, 2016 को स्थानीय क्षेमकारी माता की तलहटी स्थित माली समाज भवन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सर्व शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक श्री नरेन्द्र कुमार परमार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्कॉम सहायक अभियंता श्री भरतकुमार देवड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सीतादेवी जालोर, श्री जेठाराम परमार, समाजसेवी श्री भारताराम सुंदेशा, यूनियन बैंक मेनेजर श्री अमराराम, सीए श्री प्रवीणकुमार व जितेन्द्र कुमार मोजूद थे।

मुख्य अतिथि श्री परमार ने लक्ष्य के साथ उच्च शिक्षा के माध्यम से जीवन को सफल बनाकर समाज व देश का नाम रोशन करने की बात कही। डिस्कॉम सहायक श्री भरतकुमार देवड़ा ने कहा कि प्रतिस्प्रद्धा के दौर में सामाजिक स्तर पर छात्र - छात्राओं के लिए समय समय पर आयोजित प्रतियोगिताऐं भविष्य का सुखद संकेत है । श्रीमती सीतादेवी जालोर ने बालक बालिकाओं को समान शिक्षा प्रदान करवाने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर श्री जेठाराम परमार, समाजसेवी श्री भारताराम सुंदेशा, श्री अमराराम, श्री प्रवीणकुमार व श्री जितेन्द्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां, संत लिखमीदास जी महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री मोहनलाल सुंदेशा, बाबूलाल परमार, भंवरलाल माली, छगनलाल परमार, सोममतमल सांखला, विजयराज सांखला, मुकेश सुंदेश, सीएल गहलोत, जोइताराम सुंदेशा, उम्मेदराज परमार, श्रवणकुमार सुंदेशा, सुरेश सोलंकी व सुरेश सांखला सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

256 छात्र -छात्राओं ने दी परीक्षा : मालीसमाज की जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगीता में कुल 285 में से 256 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें भरतकुमार भीनमाल प्रथम, दिनेश कुमार द्वितीय, हितेश गहलोत तृतीय, नेमीचंद सांखला भीनमाल चतुर्थ, मनीषकुमार सोलंकी जालोर पंचम स्थान पर रहे।

इसी प्रकार द्वितीय वर्ग में महाविद्यालय स्तर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया, जिसमे मुकुनकुमार सुंदेशा व विनोदकुमार सांखला ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विनोद कुमार सुंदेशा तिलोड़ा द्वितीय, प्रवीणकुमार सांखला भीनमाल तृतीय, सुरेश कुमार सोलंकी तिलोड़ा चतुर्थ व रिंकु कमारी सांखला भीनमाल ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित प्रतिभागिओं को सम्मान समारोह में नकद राशि व पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## समाज की युवा मंजू देवड़ा राज्य में प्रथम, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन, समाज ने किया सम्मानित



भोपालगढ़। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की आवश्कयता है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है छिपी प्रतिभा को खोज निकालने की। छात्राओं में छिपी प्रतिभा एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन की जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतिभाओं के आगे आने से काफी खुशी होती है।

यह बात कस्बे के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त राजीव गांधी युवा क्लब के महात्मा गांधी सेवा सदन द्वारा बूंदी में आयोजित राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम रही कस्बे की बेटी मंजु देवड़ा के भोपालगढ़ में आयोजित स्वागत अभिनंदन समारोह की मुख्य अतिथि भोपालगढ़ सरपंच श्रीमती जमना देवड़ा ने कहा। रातियों की ढ़ाणी निवासी राजूराम देवड़ा की पुत्री सुश्री मंजू देवड़ा आदर्श विद्या मंदिर भोपालगढ़ में 9वीं कक्षा में अध्ययनरत है जिसमें बूंदी में आयोजित एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ किशोर वर्ग में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान तथा ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर माली समाज तथा भोपालगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। सुश्री मंजू देवड़ा नवम्बर माह में उड़ीसा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी।

राजीव गांधी युवा क्लब द्वारा सामाजिक खेल प्रतिभाओं को सम्मान में प्रोत्साहन देने के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ साथ संगठित होने की प्रेरणा व शक्ति मिलती है। टीम भावना का विकस होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि माली संस्थान भोपालगढ़ के पूर्व अध्यक्ष श्री अर्जुनराम भाटी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल खेलने से न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बक्ति इससे बौद्रिक विकास भी होता है।

पाली लोकसभा युवा कांग्रेस की महासचिव श्री महेन्द्र प्रताप देवड़ा ने राजीव गांधी युवा क्लब की तारीफ करते हुए कहा कि प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के ऐसे आयोजन से खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है जिससे हमारे देश या राज्य को प्रतिभा मिलती है। इस अवसर पर समाजसेवी उंकारराम सोलंकी, राजीव गांधी युवा क्लब सचिव हेमसिंह सोलंकी, राजूराम देवड़ा, युवानेता बंशीलाल सैनी, पूर्व छात्रसंध अध्यक्ष रामसिंह गहलोत, लिखमीदास युवा वाहिनी के महेन्द्र देवड़ा, सचिव भगत देवड़ा, वार्ड पंच किशोर सोलंकी, अशोक सोलंकी सहित सैकड़ों समाजसेवी उपस्थित थे। माली सैनी संदेश परिवार मंजू देवड़ा को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं।

### सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक संस्थान की बैठक शिक्षा को बढ़ावा देने पर की चर्चा

# सैनी धर्मशाला व छात्रावास के लिए घर-घर से करेंगे धन संग्रह



पोकरण। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक संस्थान पोकरण द्वारा शहर के नेशनल हाइवे पर स्थित निजी होटल के प्रांगण में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में बीकानेर के महात्मा ज्योति बा फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैलाश गहलोत उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक संस्था के जिलाध्यक्ष हंसराज सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भणियाणा नायब तहसीलदार आईदान माली, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक संस्था के जिलाध्यक्ष हंसराज सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भणियाणा नायब तहसीलदार आईदान माली, सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक संस्थान पोकरण व भणियाणा तहसील, अध्यक्ष कैलाश सैनी माली, समाजसेवी सुशील गहलोत, नोखा मंडी के माली समाज अध्यक्ष जगदीश पंवार, किशन तंवर शिवरतन पंवार, मांगीलाल सांगीलाल गहलोत उपस्थित थे। इससे पहले सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक संस्थान द्वारा अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

**शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाना अति आवश्यक है :**

बैठका को संबोधित करते हुए महात्मा ज्योति बा फूले सेवा संस्थान के बीकानेर अध्यक्ष कैलाश गहलोत ने कहा कि व्यक्ति को हमेशा अच्छी सोच रखकर कार्य करना चाहिए।जिसे लोग हमेशा याद रखे। उन्होने कहा कि माली समाज अभी तक शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है उन्होनें समाज को शिक्षा क्षेत्र आगे बढ़ाने का आहान किया । इसी प्रकार भणियाणा नायब तहसीलदार आईदान माली ने कहा कि समाज में अभी भी कई लोग साक्षर नही है तथा साक्षर नहीं होने कारण समाज का आगे बढ़ाना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज के लोगो को शिक्षा क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए छात्रावास की अति आवश्यकता है। छात्रावास नही होने के कारण समाज के लोग शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ रहे हैं। इसी प्रकार जिलाध्यक्ष हंसराज सोलंकी ने कहा कि समाज को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढाने के लिए समाज एक मंच पर होनी अति आवश्यक है। समाज एक मंच होने से ही समाज का विकास व शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक संस्थान के तहसील अध्यक्ष कैलाश माली ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिा घर-घर जाकर धन संग्रह कर छात्रावास का निर्माण करवाना होगा। इस अवसर कई लोग उपस्थित थे।

# मां बेटों के शव मिलने के पुलिस कार्रवाई पर असंतोष, पीपाड़ बंद




पीपाड़ शहर । शहर के पीपली नाडी क्षेत्र में तीन अक्टूबर को एक टांके महिलों व उसके दो बेटों के शव तैरते हुए मिले थे। मृतका के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए तीन अक्टूबर को ही बहनोई व अन्य सुसराल के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामलें पुलिस की कार्यवाही पर असंतोष जताते हुए गुरूवार को माली (सैनी) समाज के संगठनों ने पीपाड़ शहर बंद रख रोष जताया। ग्रामीण एक जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचें जहां एसडीएम श्री रिछपाल सिंह बुरडक को आरोपियों पर कार्यवाही करने और मामलें की न्यायिक जांच व जांच अधिकारी को हटानें की मांग करते हुए सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

माली (सैनी) समाज अध्यक्ष श्री बाबूलाल टाक ने बताया कि माली समाज तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा हत्याकांड मामले की न्यायिक व पुलिस के उच्च ईमानदार अधिकारीयों से जांच करवाने की मांग रखी है। टाक ने कहा की यदि मामलें में जल्द कार्यवाही नही हुई तो आगामी आंदोलन अनिश्चित कालीन किया जाएगा। धरना स्थल पर मौजूद अथी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों अन्य मुद्दो पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**पुलित पर मामला दबाने का आरोप :**

पीपाड़ बंद के आहान पर गुरूवार को शहर में दुकानें बंद रही। सब्जी संख्या प्रांगण में बड़ी संख्या में समाज के नागरिक सहित कई व्यापारिक और सामाजिक संगठन एकत्रित हुए। धरना स्थल पर प्रदेश माली महासभा के चैयरमैन श्री ऊंकारराम कच्छवाहा सहित अनेकों वक्ताओं ने पुलिस प्रशासना पर मामलें का दबानें का आरोप लगाते कहा कि अधिकारी जांच में मुख्य बिंदुओं को नजर अंदाज कर दोषियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे है। जिसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई। इस दौरान भीड़ में मौजूद ग्रामीणों ने कार्यवाही पर रोष व्यक्त करते हुए पुलिस मुर्दाबाद के नारें भी लगाए। ग्रामीणो नें एसडीएम रिछपाल सिंह बुरड़क की सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर मामलें का जल्द खुलासा करनें के साथ अन्य मांगे रखी।

**बड़ी संख्या में नागरिक रहे मौजूद :** हत्याकांड मामलें में जल्द कार्यवाही की मांग को लेकर शहर के सभी पार्टियों के पदाधिकारी गुरूवार को इस मामलें इस साथ नजर आए। धरना स्थल पर पलिका अध्यक्ष श्री महेंदसिंह कच्छावाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री धनराज सोलंकी कांग्रेस नगर अध्यक्ष श्री अमरराम भाटी, श्री करणाराम कच्छवाह, श्री सत्यनारायण सोनी, श्री कन्हैयालाल जांगिड़ श्री बाबूलाल लीलड़, पूर्व चेयरमेन श्रीप्रभाकर टाक, मों. शरीफ छीपा, हाजी अली हुसैन के अलावा भारी तादाद में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रो के नागरिक मौजूद रहे।

**आरोपी पति को भेजा जेल :** मां- बेटे की टांके में सदिंग्ध मौत के मामलें में मृतका के पति जयराम पुत्र खीयाराम को कोर्ट ने गुरूवार को जेल भेज दिया गया। आरोपी तीन दिन के रिमांड पर था। आरोपी पति को गुरूवार को बिलाड़ा कोर्ट में पेश किया जहां उसे पिचियाक जेल भेज दिया गया।

# वरिष्ठ समाजसेवी श्री ब्रह्मसिंह चौहान लगातार दूसरी बार भाजपा शहर जिला उपाध्यक्ष मनोनित



जोधपुर। भारतीय जनता पार्टी ने जोधपुर शहर के उपाध्यक्ष पद पर दूसरी बार समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं राजनीतिज्ञ श्री ब्रह्मसिंह चौहान को मनोनित किया हैं

श्री ब्रह्मसिंह चौहान पूर्व में भी भाजपा के उपाध्यक्ष पद पर रह चुके है यह उनका लगातार दूसरा कार्यकाल है इससे पूर्व श्री चौहान भाजपा के टिकट पर वार्ड संख्या 63 (पूर्व में 57) से पार्षद के चुनाव में वर्ष 2004 में जीत का परचम लहरा चुके है। आप वर्तमान में शहर भाजपा उपाध्यक्ष के साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं जोधपुर के जिला संयोजक भी है। इसके अलावा आप लाल सागर स्थित सैनिक क्षत्रिय हनुमान एवं महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष भी है।

**श्री ब्रह्मसिंह चौहान का जीवन परिचय :** आपका जन्म 25 जून, 1962 को जोधपुर में श्रीमान उदाराम - श्रीमती परमीदेवी चौहान के यहां हुआ आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद जोधपुर में ही बी. ए. प्रथम वर्ष तक की शिक्षा प्राप्त कर धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीति में सक्रिय हो गये। आपके परिवार में 1 पुत्री व 2 पुत्र है तथा पुरा परिवार उच्च शिक्षित है आपके बड़े पुत्र मनोहर चौहान राजकोट (गुजरात) में केन्द्रीय विभाग में कार्यरत है व महावीर चौहान अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। श्री ब्रह्मसिंह चौहान स्वयं ए क्लास कॉन्ट्रेक्टर है तथा जोधपुर संभाग ठेकेदार संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भी रह चुके है।

आपने पार्टी में आई.टी.सी. एवं ओ.टी.सी. की ट्रेनिंग भी प्राप्त की। वर्ष 2000 से वर्ष 2007 तक भाजपा किसान मोर्चा सरदारपुरा विधानसभा के आप अध्यक्ष रहे है। इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में आप बढ़चढ़ कर समाजसेवा करते हुए वर्ष 2002 से वर्ष 2009 तक सामाजिक संस्था मित्र मण्डल सेवा समिति के अध्यक्ष भी रहे है जो सामाजिक सरोकार के कार्यो के लिए आज भी जानी जाती है तथा जिला स्तर पर सम्मानित भी हो चुकी है। आप वर्ष 2000 से आज तक कमल क्लब, मण्डोर जोधपुर के अध्यक्ष भी है। माली सैनी संदेश पत्रिका के प्रकाशन के समय से आपका योगदान रहा है आप पत्रिका के सह-संरक्षक है तथा समय समय पर पत्रिका के आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों में हर संभव मदद को हमेशा तैयार रहते हुए सहयोग प्रदान करते है।

आपके कर्मठ सेवा भाव को देखते हुए आपको भाजपा ने अपनी पार्टी में जोड़ा तथा वर्ष 1977 से आप जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करते रहे वर्ष 1980 से भाजपा में विलय होने के बाद आपने जनता की सेवा कार्यों में हमेशा सक्रिय रहते हुए उनकी समस्याओं एवं जनहित के कार्यो के लिए अपने स्तर पर कार्य करते हुए नगर निगम एवं अन्य सरकारी विभागों से अपने क्षेत्र में विकास कार्यो को करवाते रहे।

आपके सद् व्यवहार एवं सेवाभाव से प्रभावित हो वर्ष 2004 में आपको वार्ड सं. 57( वर्तमान में 63) से आपको पार्षद का टिकट मिला आपके जनता में किए गए जनसेवा के कार्यो के बलबूते आपने यहां से जीत दर्ज की तथा जनहित के कार्यो से सभी के चहेते हो गये। आपके कार्यकाल में अनेकों विकास कार्य हुए जिनमें से प्रमुख रूप से समस्त वार्ड में डामरीकरण का कार्य, एडीपी से सिविल लाईन डलवाकर वार्ड के पहाड़गंज, चेनपुरा, दिलीप नगर, बृज बावड़ी क्षेत्र में लोगों को राहत दिलवाना क्षेत्र में सामुदायिक हॉल का निर्माण करवाना एवं संपूर्ण वार्ड में क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप विकास कार्यो को करवाया।

लाल सागर स्थित हनुमान एवं महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में अनेकों धार्मिक आयोजन कराए साथ ही मंदिर परिसर में रामगुरू संत दरबार आश्रम का निर्माण कार्य कराय तथा सत्संग भवन का निर्माण भी करावाया जिसमें सभी धर्मप्रेमी धार्मिक आयोजन करते है। वर्तमान में भी आप अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाए ट्रस्ट को प्रदान कर रहे है।

आप सभी से मिलनसार व्यवहार रखते है इसके साथ ही समाज एवं राजनीतिक में भी सक्रिय रहते हुए लोक हित के कार्यो के लिए सदैव सभी की मदद के लिए तैयार रहते है। श्री ब्रह्मसिंह चौहान ने भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री देवेन्द्र जोशी, प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी एवं मुख्यमंत्री श्रीमती वंसुधरा राजे का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन सभी के विश्वास एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से आज इस मुकाम पर पहुंचे है तथा माली समाज की और से सभी का हार्दिक धन्यवाद कि मुझे जिला उपाध्यक्ष बनाया।

माली सैनी संदेश परिवार आपके द्वारा समाजहित के किए जा रहे कार्यो हेतु आपका आभार प्रकट करता है तथा विश्वास व्यक्त करता हे कि आप भविष्य में भी सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के साथ ही राजनीति में भी नित नई ऊचाईयों को प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित करेगें, हम आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते है।

## क्या आप जानते है...

62 लाख से अधिक शब्द हे हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी में और जिसे हम विश्वभाषा समझते है उस अग्रेजी में सिर्फ 3.5 लाख के लगभग ही शब्द है वो भी अन्य भाषाओं से चुराए। बहुत कमजोर व्याकरण के कारण संयुक्त राष्ट्र ने इसे त्यागा। रूस, जापान, चीन में इसे कोई पुछता नही और हिन्दी में कमियाँ ढूँढ न मिले ऐसे सशक्त व्याकरण और मिठास से भरी है **हमारी प्यारी भाषा हिन्दी**

# प्रतिभा खुद तय करती अपना रास्ता - श्री बनवारी लाल सैनी





बगड़। प्रतिभा व पानी अपना रास्ता खुद ही तलाश लेते है महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच की ओर से राजस्थान विद्या मंदिर से स्कूल से रविवार को हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उपजिला प्रमुख श्री बनवानीलाल सैनी ने यह बात कही। पीएचड़ी एईएन श्री जी. आर. सैनी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के विशिष्ट प्रधानाचार्य डॉ. इंदू सैनी, पूर्व भाजपा महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा पंवार थी। मंच संरक्षक श्री मंहेद्र शास्त्री, अध्यक्ष श्री सतीश सैनी, कोषाध्यक्ष श्री राजेश सैनी, संगठन मंत्री श्री नरेश सैनी, श्री राकेश तंवर, पार्षद श्री नागरमल व श्री सुरेश सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया।

स्वागत भाषण व अतिथियों का परिचय श्री महेंद्र शास्त्री ने दिया। कार्यक्रम में कक्षा 10 वी 12 वी के मेधावी छात्र- छात्रा एवं 10वी की जिला मैरिट में स्थान बनाने वाली सुश्री गरिमा सैनी का सम्मान किया गया। सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाल राजकीय कॉलेज महाविद्यालय नवलगढ़ के अध्यक्ष श्री रर्वींद्र सैनी, सेठ पोदार महाविद्यालय नवलगढ़ अध्यक्ष श्री योगेश सैनी एवं श्री मघराज टीबड़ेवाल झुंझुनू की पूर्व अध्यक्ष को भी सम्मान किया गया। व्याख्याता पद पर चयन होने पर भौतिक शास्त्र के श्री अरूण सैनी व हिंदी के श्री विकास सैनी एवं मंच सचिव श्री मुकेश सैनी व संगठन मंत्री श्री नरेश सैनी को भी सम्मानित किया गया। संचालन मंच सचिव श्री मुकेश सैनी ने किया।

**नवलगढ़।** सैनी छात्रावास में रविवार को सैनी समाज संस्था की ओर से छात्रावास के लिए भूमिदान देने वाले भामाशाह स्व. श्री सीतारामसिंह सैनी की 12 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। अध्यक्षता सैनी समाज संस्था अध्यक्ष श्री भोजाराम सैनी ने की। मुख्य अतिथि भाजपा नेता श्री रवि सैनी थे। इस मौके पर सैनी समाज कल्याण कोष की स्थापना की गई। कोष का आजीवन संरक्षक सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री बल्लभाराम तंवर को सर्व सहमति से बनाया गया है। कोष के लिए 12 सदस्य बनाए गए है। पूर्व सरपंच श्री सांवरमल सैनी डॉ. पूर्णमल सैनी, श्री मंगलचंद सैनी, श्री राधेश्याम सैनी, श्री शिवकुमार सैनी , ग्रामसेवक श्री रतनलाल सैनी, श्री गजानंद सैनी सहित कई लोगों ने सैनी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

# जैतारण माली (सैनी) समाज विकास के पथ पर



जैतारण (पाली) स्थानीय माली (सैनी) समाज जैतारण में प्रथम बार लोकतांत्रिक पद्धति चुनाव करा कर एक निर्वाचित कार्यकारिणी का गठन जून 2012 में किया गया। जिसके प्रथम अध्यक्ष बनने का सौभाग्य श्रीनारायण लाल गहलोत को मिला माली (सैनी) समाज संस्थान जैतारण के नाम से संस्थान का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। संस्थान की निर्वाचित कार्यकारिणी ( जिसमें लगभग 31 सदस्य, संरक्षक, 3 आजीवन सदस्य) ने विधिवत रूप से जुलाई 12 से कार्य प्रांरभ करना शुरू किया और विकास की रफ्तार के पंख लगा दिये। इससे पूर्व समाजइ का विकास प्राय: रूका हुआ था और समाज के लोगो में घोर निराशा का वातावरण छाया हुआ था ।

अब प्रति दो वर्ष के बाद संस्थान के विधिवत चुनाव होते है। अब तक समाज में लगभग दो करोड़ का करोड़ का निर्माण कार्य हो चुका है ओर स्थानीय मालियान बगीची प्राइवेट बस स्टेण्ड के पास भव्य भवन का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें विशाल भोजनशाला, स्टोररूम, भण्डार कक्ष सहित 33 कमरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है ओर ऊपरी मंजिल के 9 कमरों का निर्माण कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। भवन में एक विशाल आर.सी.सी. का हॉल निर्माण करवाना भी प्रस्तावित है। वर्तमान में संस्थान के अध्यक्ष श्री बगदाराम रूणेचा, उपाध्यक्ष, श्री मनीष सोलंकी सचिव श्री अविनाश गहलोत व कोषाध्यक्ष श्री बगदाराम भाटी है। वर्तमान कार्यकारिणी बहुत अच्छा कार्य कर रही है। विकास के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियां को समाप्त करना शिक्षा को प्रोत्साहन के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन करना, राजनैतिक जागृति के लिए समाज को संगठिन करना, सामूहिक विवाह आयोजन का करना आदि कार्यो को भी वर्तमान कार्यरिणी को प्रमुखता से लेने की आवश्यकता है।

**- लक्ष्मीनारायण गहलोत**

## ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के लल्लू लाल उपाध्यक्ष दीपक पचाला सचिव पद पर हुआ मनोनयन



टोंक । ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि.) के संगठन के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया की अनुमति एवं जिलाध्यक्ष पाँचू लाल सैनी के निर्देशानुसार युवा मोर्चा उनियारा अध्यक्ष राधेश्याम ने ग्राम चौरू में महात्मा %योतिबा फूले छात्रावास में बैठक आयोजित कर उनियारा तहसील कार्यकारिणी का गठन करते हुए उनियारा तहसील युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पद पर लल्लू लाल सैनी, सचिव पद पर दीपक उर्फ दीपराज भारतीय पचाला को मनोनीत किया गया।

संगठन के युवा मोर्चा उनियारा अध्यक्ष राधेश्याम ने बताया कि संगठन के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द सैनी रहमानदिया की अनुमति एवं जिलाध्यक्ष पाँचू लाल सैनी के निर्देशानुसार उनियारा तहसील कार्यकारिणी का गठन करते हुए उनियारा तहसील युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पद पर लल्लू लाल सैनी, सचिव पद पर दीपक उर्फ दीपराज भारतीय पचाला को मनोनीत किया गया। तहसील अध्यक्ष राधेश्याम सैनी ने बताया की बैठक में नवमनोनीत पदाधिकारियों को संगठन के नियमानुसार सामाजिक हित में कार्य करने का आव्हान किया।

इस मौके पर प्रहलाद सैनी, हरिराम सैनी, मोड़ूराम सैनी, रिंकू सैनी, देवनारायण सैनी, हरिओम सैनी, बन्टी सैनी, मुकेश सैनी, राजेन्द्र सैनी, नरेश सैनी, श्रवण सैनी, मुकेश सैनी, कन्हैया लाल सैनी, सुरेन्द्र सैनी, चिंरजी सैनी, पंकज सैनी, नरेन्द्र सैनी आदि ने नवमनोनित युवा तहसील उपाध्यक्ष लच्छू लाल सैनी व सचिव दीपक सैनी उर्फ दीपराज भारतीय का माला पहनाकर स्वागत किया

## श्री चंद्रप्रकाश गहलोत बीकानेर कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोनीत, समाज द्वारा किया गया सम्मानित



बीकानेर। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद पर दिनांक 16 अक्टूबर, 16 को गंगाशहर निवासी श्री चंद्रप्रकाश पुत्र स्वर्गीय श्रीमान पन्नालाल गहलोत को मनोननित किया गया। श्री चंद्रप्रकाश गहलोत वर्तमान में जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष भी है और बीकानेर कांग्रेस कमेटी के महासचिव पद पर भी अपनी सेवाएं दे रहे है।

श्री चंद्रप्रकाश गहलोत व उनके परिवार के सदस्यों के सहयोग से नोखा रोड़, बीकानेर में अंतराष्ट्रीय स्तर का प्लेटफार्म का निमार्ण कराया गया है जो कि पूर्ण व्यवस्था से परिपूर्ण आवश्यक उपकरणों के साथ बना है जिसका प्रस्तावित उद्घाटन नवम्बर, 16 में होना है। श्री चंद्रप्रकाश माली समाज के चमकते सितारे है जो पहलवानी के क्षेत्र कुश्ती में भी बीकानेर व समाज का नाम रोशन कर चुके है। गहलोत के अनुसार वे आज जो कुछ भी है उसमें उनके परिवार एवं मित्रगणों का सहयोग रहा हे जिसके कारण आज बुलंदियों तक का सफर तय किया हैं।

बीकानेर माली समाज द्वारा आयोजित आभार अभिनंदन सम्मान समारोह में श्री आसूराम कच्छवाहा ने तिलक लगाकर, श्री निहालसिंह सैनी, श्री कैलाश गहलोत व श्री महेन्द्र देवड़ा द्वारा साफा पहनाकर ओर श्री किशन तंवर द्वारा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समारोह में उपस्थित गणमान्य बंधुओं ने श्री चंद्रप्रकाश गहलोत का माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों के साथ ही सर्व श्री कैलाश गहलोत, राजकुमार खड़गावत, डॉक्टर सुनील सोलंकी, विकास सोलंकी, सुशील भाटी एवं आशीष माली सहित अनेकों प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## समाज समिति नोहर के अध्यक्ष बने हरदत्त सैनी



नोहर। श्री सैनी समाज समिति नोबर की बैठक सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल में मूलचंद सांखला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष पद के लिए हरदत्त सैनी के नाम का प्रस्ताव श्री मूलचंद सांखला द्वारा रखा गया जिसके बाद समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हरदत्त सैनी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर नवनियुक्त समिति अध्यक्ष हरदत्त सैनी ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके लिए सदैव समाज के विकास एवं समाज में अधिक से अधिक रचनात्मक कार्य करवानें के लिए वह प्रयासरत रहेंगे। राष्ट्रीय स्तरीय संगठन सैनी राष्ट्रीय मंच, जयपुर द्वारा श्री मूलचंद सांखला को संगठन का राष्ट्रीय सरंरक्षक, श्री शिवकुमार सैनी को रा. उपाध्यक्ष बनाया गया। सभी ने माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया।

# माली समाज की सामुहिक-अणबोली उद्यापन का सफलता पूर्वक समापन






उदयपुर। फूलमाली समाज, उदयपुर द्वारा 207 महिलाओं का सामुहिक-अणबोली उद्यापन कार्यक्रम व दिनांक: 1 अक्टूबर-2016 को सामूहिक प्रतिभोज 100-फीट रोड़ स्थित "नंदभवन" में पूरे हर्षोउल्लास के साथ सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ ।

कार्यक्रम का उदघाटन फूलमाली समाज अध्यक्ष द्वारा इस पावन व धार्मिक उद्यापन के बारें में संक्षिप्त जानकारी देकर किया गया एवं साथ ही इस विशाल उद्यापन के मौके पर उपस्थित समग्र समाज के लोगों को शपथ दिला गई कि भविष्य में भी इसी तरह से सभी प्रकार के कार्यक्रमों को सामुहिक ऐकरुपता के साथ पूर्ण किया जायें जिससे कि समग्र समाजों में एकता बनी रहेगी एंव इस पावन अवसर पर समग्र समाज की बेटियों को शिक्षित करने पर जोर देने का आव्हान किया गया जिससे हमारी भावी पीढ़ी शिक्षित हो जो कि हमारें देश की उन्नति का एक महान उदाहरण होगा ।

इस पावन व भव्य उद्यापन के लिये नंदभवन प्रांगण में एक विशाल पाण्डाल बनाया गया जिसमें महिलाओं एवं युवा कार्यकर्ताओं ने सभी उजमनें वाली महिलाओं को पूजन सामग्री वितरीत की। एक विशाल पाण्डाल के निचे 11 पण्डितों व उनकें सहयोंगियों नें पूरे विधि-विधान व मंत्रोचार के द्वारा एक साथ हवन व पूजन करवाया ।

पण्डितजी ने एक साथ सभी को मंत्रोचार करवायां जो कि एक मधुर सगींत सा लग रहा था । हवन के पवित्र धुएं ने आस-पास का वातावरण खुशनुंमा बना दिया । इस सामुहिक-अणबोली उद्यापन कार्यक्रम के लिये लगभग 1 माह के अथक प्रयासों में समग्र समाज की महिला कार्यकर्ता एवं विशेष तौर पर युवाओं ने पूरे जोश व उमंग के साथ इस उद्यापन को यादगार बनाने के लिये एकजुठ व समय के पाबंद होकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारिंयों को आगे बड़कर निभाया तथा गठित की गई विभिन्न व्यवस्था समिति प्रभारियों के सानिघ्य में व टीम भावना के साथ कधें से कंधा मिलाकर इस कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की। प्रचार-प्रसार के लिये वर्तमान में उपलब्ध सभी प्रकार की टेक्नोलॉजी का प्रयोग करतें हुए अधिक से अधिक लाभ लिया जिससे इस कार्यक्रम की तीव्र गति से सुचनाएं समय पर लोगो को मिल सकी । इस पावन उद्यापन में भाग लेने न केवल उदयपुर बल्कि आस-पास के विभिन्न क्षैत्रों जिसमें प्रमुखत: एकलिगंजी, नाथद्वारा, राजसमंद, चितौड़ एवं भीलवाडा आदि जिलों के विभिन्न समाज प्रमुखों ने इस उद्यापन में अपनी उपस्थिति दर्ज कर इस धार्मिक कार्यक्रम को गौरवान्वित किया।

इस सामूहिक उद्यापन द्वारा समग्र समाजों को एक संदेश प्रेषित करने का उद्देश्य रहा कि इस प्रकार के आयोजनों से देश में सामाजिक व धार्मिक एकता बनी रहे।

# राजकुमार सैनी के पिता बेचते है समोसा, बेटा खेलेगा राजस्थान टीम से



सीकर। लक्ष्मणगढ़ के राजकुमार सैनी का अंडर 23 राजस्थान क्रिकेट टीम में हुआ चयन। यदि व्यक्ति के मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो मुसीबत खुद राह से हट जाती है क्रिकेट खेलने के लिए जूते ओर किट का भी प्रबंध नही। लेकिन हार नही मानी। लक्ष्य बस एक कि राजस्थान टीम से क्रिकेट खेलना है यह कहानी है लक्ष्मणगढ़ निवासी क्रिकेटर राजकुमार सैनी की। सैनी के पिता कस्बे में ही कचौरी-समोसे बेचकर गुजारा करते है। बकौल राजकुमार सैनी कई बार दूसरे खिलाड़ियों के पास अच्छे संसाधन देखकर पीड़ा होती। लेकिन पुराने व कमजोर संसाधनों से ही अभ्यास का समय बढ़ाया। पिछले कई प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन के दम पर सैनी का राजस्थान अण्डर 23 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। राजस्थान का पहला मुकाबला जयपुर में असम के साथ होगा।

सीकर क्रिकेट एसोसियेशन के उपाध्यक्ष बाबूलाल सैनी ने राजकुमार के चयन पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि अवश्य ही राजकुमार अपनी प्रतिभा के बल पर हम सभी को अपनेप्रदर्शन से गौरवान्वित करेगा।

राजकुमार का लक्ष्य भारतीय टीम में खेलना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय सबलपुरा स्थित एसबीएसएस एकेडमी के निदेशक विजेन्द्र पंवार व विपिन कुल्हारी को दिया है राजकुमार सैनी के चयन पर कस्बे के खेल प्रेमियों व आमजन में हर्ष है। जिले के खिलाड़ियों ने प्रतिभावान राजकुमार सैनी की सफलता पर खुशी जताई है। समाज के इस होनहार खिलाड़ी को माली सैनी संदेश परिवार हार्दिक बधाई देते हुए आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास व्यक्त करता है कि यह उदियमान खिलाड़ी समाज के साथ ही राजस्थान व देश को अपनी प्रतिभा से गौरवान्वित करेगा।

# आस्ट्रेलिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती कु. प्रेरणा सैनी का सम्मान



अजमेर। सतीश कुमार सैनी आदर्श नगर, अजमेर निवासी जिला कलेक्टर अजमेर में कार्यरत है की पुत्री सुश्री प्रेरणा सैनी जो सिंगापुर की कम्पनी यू. एक्स आर्मी प्राईवेट लिमिटेड जयपुर में कार्यरत है।

इनके द्वारा एल. एम. एन. आई. आई. टी जयपुर से बी. टेक की शिक्षा प्राप्त कर माइक्रो कन्ट्रोलर के विषय पर तकनीकी क्षेत्र में रिसर्च किया गया। रिसर्च की खुबियों, गुणवता एवं उपयोगिता के आधार पर संबंधित पेपर को (IJESA), Aircc, Sydney, Australia के वाल्यूम 5. में 1 मार्च 2015 को बतौर लेखिका के रूप में आस्ट्रेलिया की कम्पनी द्वारा इन्टरनेट के माध्यम से प्रकाशित किया गया। उक्त रिसर्च की लिंक http://www.ijetmas.com/admin/resources/project/paper/f201509061441525393.pdf है। संबंधित लिंक द्वारा रिसर्च किये गये पेपर को देखा जा सकता है एवं इसका उपयोग लिया जा सकता है।

उपरोक्त अति विशिष्ट कार्य को सम्पादित करने पर जिला प्रशासन अजमेर द्वारा इन्हें जिला स्तरीय सम्मान देने का निर्णय लिया गया। अतः सुश्री प्रेरणा सैनी 15 अगस्त 2016 को श्रीमान् कलेक्टर महोदय गौरव गोयल के कर कमलो द्वारा जवाहर रंगमंच पर आयोजित स्वाधीनता दिवस समारोह में जिला स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। श्री मदन लाल जादम की पौत्री एवं सतीश कुमार सैनी की पुत्री ने यह सम्मान प्राप्त कर सैनी समाज एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। अतः इन्हे सभी समाज बन्धुओं की ओर से हार्दिक बंधाई देते हुये इनके उज्जवल भविष्य की कामना की जाती है।

# अजय सैनी ने स्थापित किया पत्रकारिता में नया कीर्तिमान



जयपुर। राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पुष्कर निवासी अजय सैनी ने पत्रकारिता और जनसंचार में सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी माध्यम से 70 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर डिग्री प्राप्त कर पेसिफिक यूनिवर्सिटी उदयपुर में पत्रकारिता में पीएचडी में प्रवेश लेकर समाज को गौरवान्वित किया है।

सैनी को इस उपलब्धि पर अजमेर प्रेस क्लब के चेयरमैन एस. पी. मित्तल ने सम्मानित किया तथा विद्याधर नगर जयपुर स्थित महात्मा ज्योति बा फूले विकास संस्थान में सैनी कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान जयपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव ओ. पी. सैनी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

अजय सैनी ने बताया कि वे पेसेफिक यूनिवर्सिटी उदयपुर से ''सुटेबिलिटी ऑफ कमर्शियल एनिमल हसबेंडरी इन दी डब्लपमेंट ऑफ अजमेर एज ए स्मार्ट सिटी'' विषय पर शोध कर रहे है। आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के बिना अजमेर को स्मार्ट सिटी बनाने की कल्पना बेमानी है उनका मानना है कि स्वस्थ एवं सृजनात्मक पत्रकारिता समाज और देश का विकास करती है अतः मीडिया हाउस को पेड न्यूज के प्रसारण से बचना चाहिये।

माली सैनी संदेश परिवार अजय सैनी की सफलता पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।

**माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा समाज की गौत्रों की कुलदेवियों के ग्रंथ का प्रकाशन किया जा रहा है जिसमें कुलदेवी के संबधित संपूर्ण जानकारी एवं मूल स्थान तथा अन्य महत्वपूर्ण इतिहास उपलब्ध होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क करें।**

जीवन परिचय

# सहज , हंसमुख तथा दक्षता से मालामाल समाज गौरव आर्थोपेडिक डॉ. दीपक सैनी



सहज, सरल, विनयशील, मधुरवाणी, हंसमुख स्वभाव, मन में सेवा का भाव और व्यावसायिक दक्षता से मालामाल डॉ. दीपक सैनी का कोई सानी नहीं है। आप अहमदाबाद में सेबी लिमिटेड के चिकित्सालय में वरिष्ठ ऑर्थोप्लास्टी सर्जन के रूप में जून, 2010 से अपनी सेवाएं प्रदान कर हड्डियों के जोड़ को सही कर मरीजों को जीवनदान दे रहे है।

डॉ दीपक यूं तो हर मरीज को पूरा सम्मान देते है और कहते है कि मरीज से बढ़कर उनके लिए कोई नहीं। अपने समाज के मरीज को देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक नजर आती है। अपने लोगों की सेवा कर उनकी खुशी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मैं अपने लोगों की सेवा कर पा रहा हूं। भला अपने समाज एवं मातृभूमि से किसे प्रेम नहीं होता।

मरीज का ऑपरेशन अच्छा हो ओर वह अपने पैरों पर चलकर जाए, उनकी हर चंद यहीं कोशिश होती है। ऑपरेशन के बाद जब से वे पहली बार मरीज को खड़ा करते है तो एक आत्मसंतुष्टि का भाव उनके चेहरे पर नजर आता है। कभी कभी बड़ी उम्र की महिला को कहते है माताजी मैं चाहता हूं कि आपको अपने पैरों पर चलाकर घर भेजूं। क्या एक मां अपने मेटे की इच्छा पूरी नहीं करेगी ओर जब वह महिला चलने लगती है तो उनके अधरों की मुस्कान देखते ही बनती है।

डॉ दीपक सैनी का जन्म राजस्थान में झुंझुनूं जिले के खेतड़ी में 2 नवम्बर, 1981 को श्री बी. एल. सैनी के परिवार में हुआ। आपके पिता समाजसेवी है तथा राजनीति में सक्रिय होने से 15 साल तक सरपंच रहे। आपका विवाह वर्ष 2006 में दिल्ली की मोनिका से हुआ।

आपने चिकित्सा विज्ञान में मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमबीबीएस कर बीकानेर मेडिकल कॉलेज से अस्थि रोग (आर्थो) में एम. एस. की डीग्री प्राप्त की। आपने एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से 2004 – 05 में इंटर्नशिप कर 'फ्रेशर ऑफ हैण्ड बोन्स ट्रीटेड' विषय पर थीसीस पूरी की। वर्तमान में आप जयपुर में रह रहे है तथा यहां पर सेल्बी अस्पताल के आउटडोर सेंटर को भी संभाल रहे है, जहां ये स्वयं जोड़ों के ऑपरेशन करते है।

डॉ. सैनी ने जनवरी, 2005 से जून 2005 तक जूनियर रेजीडेंट ऑथोपेडिक्स के रूप में धनवन्तरी हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर में तथा माहेश्वरी हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, जैसलमेर में आर्थोपेडिकस के मुख्य सलाहकार के रूप में जुलाई 2009 से जून 2010 तक अपनी सेवाएं दी। इसके बाद से अब तक ये सेल्बी चिकित्सालय, अहमदाबाद में सेवाएं प्रदान कर रहे है।

डॉ दीपक घुटनों एवं कूल्हों के जोड़ को प्रत्यारोपित करने, फ्रेक्चर मैनेजमेंट आर्थोस्कॉपी एवं मैनेजमेंट ऑफ पोलीट्रोमा ऑपरेशन के मामलों में परम विशेषज्ञता और पर्याप्त अनुभव रखते है। डॉ दीपक ने अकेले अब तक करीब 800 से अधिक इमरजेंसी ऑपरेशन तथा 400 से अधिक डीएचएस, डीसीएस, इंटरलोक नेलिन (टीआई बीआईए, फ्यूमर, हूमरस) के सर्जिकल ऑपरेशन सफलता पूर्वक किए। साथ ही 300 टीएचआर, 5 हजार नी–रिप्लेसमेंट ट्रांसप्लांट तथा 60 से अधिक पुन: नी रिप्लेसमेंट ट्रांस्प्लांट ऑपरेशन एकल रूप से किए है।

अकादमिक गतिविधियों में डॉ. दीपक सैनी निरंतर सक्रिय रहते है। इन्होंने वर्ष 2012 में ''कॉम्पलेक्स नी ऑर्थोप्लास्टी'' तथा 'रिविजन हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट' पर आयोजित वर्कशॉप में भाग लिया। इन्होंने ऑर्थोप्लासी सेशन इन ऑर्थोट्रेंड्स 2004 में नेशनल फैकल्टी के रूप में प्रतिनिधत्व कर 'टीकेबार इन पोस्ट ट्रियोमेटिक नी' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। सेल्बी हॉस्पीटल में भी डीएनबी ऑर्थोपेडिक संकाय में भी आप सक्रिय योगदान दे रहे है।

डॉ दीपक अपने वरिष्ठ डॉक्टर्स के प्रति पूरा सम्मान रखते हुए उन्हें अपना आदर्श मानते है। उनके मन में स्टाफ के प्रति भी अलग स्नेह भाव है। अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं स्टॉफ के लोग भी डॉ. सैनी को स्नेह, सम्मान व आदर की दृष्टि से देखते है। स्टॉफ का कहना है कि सेवा भावी, डॉ. सैनी मरीजों की आउट ऑफ वे जाकर भी मदद करते है और उनका पूरा प्रयास रहता है कि मरीज स्वयं होकर अपने घर जाए।

डॉ सैनी का संदेश है कि जोड़ो का दर्द एक ऐसा दर्द है जो निरंतर बढ़ता है, जिसे की कभी भी इग्नोर नहीं करना चाहिए। यदि यह रोग लंबा हो जाता है तो ऑपरेशन के बाद मरीज को रिक्रवरी भी जल्द हो जाती है। जैसे ही किसी जोड़ो का दर्द हो और चिकित्सक ऑपरेशन की सलाह दें तो अविलंब यह ऑपरेशन करा लेना चाहिए। ऑपरेशन के बाद मरीज पहले की तरह चलने – फिरने लायक हो जाता है।

समाज के युवा डॉक्टर दीपक सैनी की सहृदयता की प्रशंसा करनी होगी। हमें गर्व है कि हमारे समाज के डॉक्टर अपनी योग्यता के बल पर हजारों मरीजों के चेहरे पर खुशी लाने में सफल रहे है। हम डॉ . दीपक के उज्ज्वलत्तम भविष्य की मंगलमयी शुभकामनाऐं प्रेषित करते है।

# प्रथम वैदराज स्मृति स्केटिंग एवं तैराकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन





जोधपुर। अंतराष्ट्रीय तैराक एवं प्रसिद्ध प्रशिक्षक स्वर्गीय श्री वैदराज परिहार की स्मृति में दिनांक 1 अक्टूबर से 2 अक्टूबर, 2016 तक तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन गौशाला स्पोर्टस ग्राउण्ड में किया गया। जिमें स्केटिंग में 80 प्रतिभागियों एवं तैराकी में 325 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में विजयी हुए सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किए गये। प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व रायल्स राइडर्स क्लब की तरफ से उनकी याद में स्वच्छ भारत स्वस्थ राइड निकाली गई। इसका नेतृत्व दीपक परिहार व महेश गहलोत की टीम ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्री जयनारायण गहलोत एवं अध्यक्षता श्री धर्मेन्द्र सोलंकी ने की एवं समापन अवसर पर जेडीए के पूर्व चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी, श्री देवीचंद देवड़ा अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर के मुख्य आतिथ्य एवं श्री पुखराज सांखला (रिटायर्ड चीफ इजिनियर) की अध्यक्षता तथा श्री बाबूला परिहार, जयश्री चौहान, श्री सुभाष गहलोत, श्री सुनील गहलोत (सत्यम सी. सै. स्कूल), श्री महेश गहलोत( बजरंग सिमेंट एजेंसी) श्री जयनारायण सांखला ने उपस्थित हो सभी का हौंसला बढ़ाया।

प्रतियोगिता में स्पोर्टस वेलफेयर एण्ड डव्लमेंट संस्था के गौरव सांखला, अरविंद परिहार, कुलदीप सिंह, गुमान सिंह गहलोत, सत्यनारायण परिहार, मेघा गहलोत, विक्रम गहलोत, राजेन्द्र गहलोत, स्नेहदीप टाक, नवीन भाटी आदि का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में दानदाता श्री पुखराज सांखला (मेट्रो ब्लॉक्स एवं ब्रिक्स), श्री महेश गहलोत (बजरंग सिमेंट एजेन्सी) एवं श्री सुनील गहलोत (सत्यम सी. सै. स्कूल ) का सहयोग रहा।




**स्वर्गीय श्री वैदराज परिहार का संक्षिप्त जीवन परिचय :**



श्री वैदराज बिंजवाड़िया के साधारण किसान परिवार में जन्म लेने के बाद अल्प आयु में ही परिवार एवं गुरूजनों के सहयोग व अपनी प्रतिभा के दम पर तैराकी के क्षेत्र में पूरे देश में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोहा मनवाया जिसमें कई कार जोधपुर जिले के बेस्ट स्वीमर का खिताब अपने नाम किया व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी कई रिकार्ड अपने नाम दर्ज कराए। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में अनेकों बार सफलता प्राप्त करने के साथ ही स्कूली प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किए। इसके बाद ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी तैराकी प्रतियोगिताओं में भी मैडल जीतकर राजस्थान में इतिहास बनाया। साथ ही श्री वैदराज ने 2013 में मलेशिया एवं कोलबों (श्रीलंका) में 2014 में मान्ट्रियल (कनाडा) में मास्टर्स स्वीमिंग चैंपियनशीप में भारत का प्रतिनिधत्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया साथ ही 2012 में राष्ट्रीय खेलों में टेक्नीकल ऑफीसर के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान की।

श्री वैदराज का जीवन संघर्ष पूर्ण रहा विदेशी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु आर्थिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ा समाज का पूर्ण सहयोग अगर इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी को मिलता तो अवश्य ही यह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर समाज एवं देश को गौरवान्वित करता। लेकिन बीमार होने के कारण आपका निधन गत वर्ष अल्प आयु में हो गया जिससे समाज एवं देश को एक होनहार खिलाड़ी का नुकसान हुआ है। हम सभी श्री वैदराज परिहार के द्वारा अल्प समय में प्राप्त की गई प्रसिद्धि पर उनको नमन करते है तथा आशा करते है कि उनकी द्वारा तैयार किए गए खिलाड़ियों में से कोई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित करें।

# जयपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह



जयपुर। विद्याधर नगर के सेक्टर 3 में स्थित महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीस संस्थान परिसर में 1 अक्टूबर 16 को सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था, जयपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय उत्कृष्ट छात्र-छात्रा प्रतिभावान प्रतिभा समारोह हुआ।

समारोह की अध्यक्षता श्री सुनील परिहार, पूर्व अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर ने की। मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश सैनी अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार थे। विशिष्ट अतिथि श्री मांगीलाल पंवार, अध्यक्ष महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय संस्थान, श्री ऊँकारराम कच्छवहा, चैयरमेन राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा, श्री गुलाब गहलोत अध्यक्ष प्रदेश माली सैनी महासभा, श्री सत्यनारायण सैनी पूर्व आई.ए.एस., श्री भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक, श्री बनवारी लाल सैनी, उप जिला प्रमुख झुंझनूं, श्री गोपाल सैनी पूर्व ओलम्पियन, श्री हनुमान प्रसाद सैनी अध्यक्ष सैनी कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था, जयपुर, श्री बुधसिंह सैनी संस्थापक सैनी कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था, जयपुर थे।

सर्वप्रथम अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद सैनी ने स्वागत भाषण दिया। संस्थापक श्री बुधसिंह सैनी ने संस्था की गतिविधियों का परिचय तथा महात्मा फूले एवं सावित्री बाई के चित्र वाला मोमेण्टों तथा प्रशस्ति पत्र दिया। इस अवसर पर छात्र संघ के विजयी पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया।

वक्ताओं ने अपने भाषण में शिक्षा के प्रति सामाजिक जागृति पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट किय तथा उच्च शिक्षा में समाज को आगे आने की बात कही।

मंत्र का संचालन श्री सुरेश कुमार सैनी (एन.एव.आई.) तथा सुरेश सैनी महासचिव कर्मचारी अधिकारी संस्था ने किया।

**आदर्शों में आस्था रखने से ही काम नही चलता, आदर्शो पर चलना भी जरूरी है**

# गरबा नृत्य में झुमें समाज के सभीवर्ग



जालौर। शहर के माली समाज छात्रावास में माली समाज सेवा संस्थान कीओर से शरद पूर्णिमा की रात को जिला स्तरीय गरबा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निशक्तजन आयोग के आयुक्त श्री धन्नाराम पुरोहित मौजूद थे, जबकि अध्यक्षता पुलिस उपअधीक्षक डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित ने की। वहीं विशेष अतिथि के नाते विकास अधिकारी समदड़ी श्री अतुल सोलंकी, प्रतिपक्ष नेता मिश्रीमल गहलोत व ज्योति बा फूले विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री हितेन्द्र परमार थे।

गरबा नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न वेशभूषा में शनदार नृत्य की प्रस्तुति दी। गुजराती गीतों पर प्रतिभागियों को लय ताल के साथ थिरकते देख हर कोई तालियों के साथ उनका हौंसला अफजाई कर रहा था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में श्री लेहरराम सुंदेशा, श्रीमी सरोज चौहान व श्रीमती भावना गहलोत थे।

प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया साथ ही हर प्रतिभागी को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय छात्रसंघ महासचिव श्री हुकमीचंद सोलंकी, महिला महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्षा सुश्री रिंकु सुंदेशा व उपाध्यक्ष सुश्री कीर्ति गहलोत तथा महाविद्यालय के महासचिव श्री मुकेश सांखला को भी सम्मानित किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष श्री भभूतराम सोलंकी ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन मण्डल के श्री सुरेश सुंदेशा, पार्षद श्री ओमप्रकाश, श्री देराराम सोलंकी, श्री विक्रम सोलंकी, श्री नारायण सोलंकी, श्री प्रवीण सुंदेशा, श्री विकास सोलंकी, श्री अनिल गहलोत, श्री पुखराज सोलंकी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा

श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर

श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिंवरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झूमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल पुत्र श्री सोमामराम गहलोत, तिंवरी
श्री लिखराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुराभाटियान,
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला,रामपुरा भाटियान
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजे

### सदस्यता फार्म

दिनांक __________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गों की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम __________

पता __________

फोन./मोबाईल__________ ई-मेल __________

ग्राम __________ पोस्ट __________ तहसील __________

जिला __________ पिनकोड __________

राशि ( रूपये )__________ बैंक का नाम __________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक__________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।

दिनांक __________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

**write us : P. O. Box 09, Jodhpur**

**Cell : 94144 75464, 92140 75464**

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर


# नासिक में आयोजित ओबीसी महारैली में समाज के लाखों लोग उमड़े










EXIDE
HOME UPS
EXIDE XPRESS
HEAVY DUTY BATTERY
EXIDE InvaPlus
Dealer:
KACHHWAHA BROTHERS
5, Haider Building, O/s. Sojati Gate, Jodhpur (Raj.)
Ph.: 0291-2639045, 2630432 • Mob.: 9414194895
Email: rajeevkachhwaha@gmail.com

# बालेसर में हुई परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साह से लिया भाग



बालेसर स्थित रामस्नेही उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा देते विद्यार्थी

बालेसर। माली सैनी संदेश पत्रिका द्वारा आयोजित महात्मा ज्योति बा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। राम स्नेही उच्च माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा संयोजक छगनलाल सांखला ने बताया कि बालेसर क्षेत्र के आस पास के 42 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया परीक्षा में लड़कियों की संख्या बहुत अच्छी रही। छगनलाल सांखला ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है तथा भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्राप्त होती है।

पत्रिका के संपादक एवं संयोजक मनीष गहलोत ने बताया कि परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों को 1200/- रूपये की स्कॉलरशिप के साथ ही वर्ष भर होने वाले विभिन्न कोर्सेज में नि:शुल्क प्रवेश दिया जायेगा। इसमें प्रमुख रूप से व्यवसायिक कोर्सेज के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके इसके लिए प्रयास किया जायेगा साथ ही समय समय पर विषय विशेषज्ञों की क्लासेज का भी आयोजन किया जायेगा।

महात्मा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का हार्दिक बधाई




Shri Ram Lord Public School
An English Medium School
Class Play Group to V

कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक
विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा उपलब्ध
गुमानियों का बेरा, बालेसर,
जिला -जोधपुर (राज)
मो. : 9414561146, 9799964893

रामस्नेही छात्रावास
घर से दूर अपना घर









*Your Personal Home Maker*

Bed Sheets | Blankets | Towel | Napkins | Dohar | Quilt | Jaipuri Rajai | Pillow | Curtains | Roller Blinds | Shawls | Sofa Fabrics | Matress | Cushions | Wallpapers | Wooden Flooring | PVC Flooring

*Vineet Gehlot*

shrigehlothandloom@gmail.com

# श्री GEHLOT HANDLOOM

EXCLUSIVE SHOWROOM OF FURNISHING

PARKING FACILITY AVAILABLE

**130 NAI SARAK JODHPUR 342 001 | M.: +91 773 710 0198**



स्वत्वाधिकारी सम्पादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक मनीष गहलोत के लिए
भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR